तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 19 सितंबर 2024

10 सर्वेक्षण की धीमी गति पर नाराजगी, निगम कर्मी भी करेंगे डोर टू डोर सर्वे

11 इच्छा शक्ति को मजबूत रखने से भविष्य के परिणाम भी सार्थक आएंगेः राठौर




# निकाय चुनाव से पहले 95 प्रकार की ओबीसी जाति का सर्वे करने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार मतदाता पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ द्वारा सर्वे किया जा रहा है। कुछ माह में ही निकाय स्तर का चुनाव होने को है। इसलिए इसके पहले ही जिसके निगम को भिलाई क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग सर्वे कार्य पूरा करने की चुनौती है। हालांकि निगम ने निवासरत नागरिकों व परिवारों का मतदाता परिचय पत्र का पुनरीक्षण करवा रहे हैं। सर्वे 95 प्रकार की ओबीसी जाति का करना है।

**इन छह बिंदुओं पर जुटाना है जानकारी:** ओबीसी सर्वेच्छण के लिए बीएलओ घर-घर जाकर 6 बिन्दुओ में जानकारी एकत्रित करेंगे। जिसमें जिले का नाम, नगरीय निकाय का नाम, वार्ड का नाम, पिछड़ा वर्ग परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के सदस्यो की संख्या, व्यस्क-अव्यस्क महिला/पुरूष की कुल संख्या, मोबाईल नम्बर इत्यादि दर्ज की जावेगी।

**46 हजार 700 ओबीसी परिवार :** सर्वे के अनुसार लगभग 46700 ओबीसी परिवार नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत है। उनका सर्वे करना है। बीएलओ द्वारा किये गये सर्वे का सत्यापन वार्ड सुपरवाईजर एवं सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा किया जाएगा। पिछड़े वर्ग से संबंधित सभी निवासियो को सर्वे में भाग लेना आवश्यक है। इसी सर्वे के आधार पर उनके भविष्य में अन्य प्रमाण पत्र तैयार होगें। अगर कोई छूट जायेगा तो बाद में उसी परिवार को परेशानी होगा।

### भिलाई निगम क्षेत्र में हैं करीब 46 हजार 700 ओबीसी परिवार



#### मतदाता परिचय पत्रों की भी जांच

भिलाई निगम ने सर्वे कार्य के लिए टीम बनााई है। यह टीम लोगों के घरों में जाकर सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान बीएलओ नागरिकों के घर-घर जाकर उनके मतदाता परिचय पत्र का निरीक्षण कर रहे है। जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है उनका नया परिचय पत्र बनाने जानकारी ली जा रही है। प्रभारी निगम आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक लेकर बीएलओ को निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त, जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, वार्ड सुपरवाईजर सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लापता हुए बालक को पुलिस ने खोज निकाला



**भिलाई।** घर से चार साल का बच्चा अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस दुर्ग से की थी। बालक पोलसायपारा दुर्ग का रहने वाला है। डायल 112 आरक्षक ने शिकायत मिलने पर तुरंत घटना स्थल पहुंचकर आसपास खोजबीन शुरु कर दिया। बालक से पूछताछ करने पर अपना नाम धमधा निवासी आर्यन यादव बताया। जो दुर्ग अपने नानी के घर आने की जानकारी दी। घर का पता नही बताने पर आरक्षक ने थाना सिटी कोतवाली दुर्ग बालक को लेकर आया। टीआई विजय कुमार यादव के नेतृत्व में बालक का फोटो सायबर प्रहरी में अपलोड कर संदेश को थानो में भेजा गया। बालक के परिजनों को पचरीपारा दुर्ग में सायबर प्रहरी ग्रुप में जुड़े आम जनता के माध्यम से पता चलने पर बालक की मां पूजा यादव थाने पहुची। बालक का पहचान बताने पर उसे सौंपा गया। कार्रवाई में आरक्षक सुरेन्द्र पाल और महिला आरक्षक अनिता भास्कर का योगदान रहा है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग से कल शुरु होगी

**भिलाई।** वंदे भारत एक्सप्रेस में आरक्षण की सुविधा शुरु की गई है। ट्रेन 20829/20830 दुर्ग-विशाखापट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की कई विशेष विशेषताएं हैं। दुर्ग - विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस वर्तमान में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। जिससे प्रमुख शहरों के बीच यात्रा का समय कम करने में मदद मिलती है। वंदे भारत एक्सप्रेस में पर्याप्त पैर रखने की जगह के साथ रिक्लाइनिंग सीटें हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस में कई सुरक्षा विशेषताएं हैं। जिनमें स्वचालित दरवाजे, स्मोक अलार्म, सीसीटीवी कैमरे, बायो-वैक्यूम शौचालय और कवच सिग्नलिंग तकनीक शामिल हैं। ट्रेन 20829 दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग से 5:45 बजे रवाना होकर 6.13 बजे रायपुर। 6.53 बजे महासमुंद, 7.28 बजे खरियार रोड, 8.13 बजे कांटाबाजी, 8.46 बजे टिटलागढ़ 8.55 बजे केसिंगा, 11:00 बजे रायगड़ा, 11:30 बजे पर्वतीपुरम 12.35 बजे विजयनगरम और 12:45 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। ट्रेन 20830 विशाखापट्टनम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस विशाखापट्टनम से 14.50 बजे रवाना होकर। 15.33 पर विजयनगरम, 16.36 बजे पर्वतीपुरम, 17.13 बजे रायगड़ा, 18.50 बजे केसिंगा, 19:05 बजे टिटलागढ़, 19.35 बजे कंटबंजी, 20.20 बजे खरियार रोड, 21.00 बजे महासमुंद, 22.19 बजे रायपुर 22.50 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

### दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना, 3 लोग बाल-बाल बचे

# सोना चांदी के जेवरात फैक्ट्री में लगी भीषण आग, करोड़ों का सामान स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



सोना चांदी के जेवरात बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लगने से करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया है। घटना मंगलवार की रात की है। सूचना पर मौके पर दुर्ग कोतवाली पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम पहुंची। जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण फैक्ट्री के भीतर तीन लोग फंस गए। तीनों को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। आगजनी में कई करोड़ों रुपयों की मशीन जलकर खाक हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक गवली पारा दुर्ग में मंगलवार की रात 10.30 बजे सोना-चांदी की फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई है। जिस फैक्ट्री में आग लगी वो किसी का चार मंजिला मकान था। जिसे महाराष्ट्र व हाल में वार्ड 13 जवाहर चौक गवली पारा दुर्ग निवासी संदीप कुमार घोरपडे ने किराये पर लिया था। बताया जा रहा है कि चंदर यहां दो मंजिल में सोने-चांदी के आभूषण बनाने की फैक्ट्री संचालित करता था। ऊपर के 2 मंजिल में कारीगर निवास करते थे। आग प्रथम माले में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे बढ़कर दूसरी मंजिल तक पहुची। घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन की टीम के जवानों ने पानी और फोम की बौछार कर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी के हादसे में कितने का नुकसान हुआ है इसे अभी आंका नहीं गया है। जिस तरह से आगजनी हुई है। इससे करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

#### महिला और दो पुरुष फंसे थे, बचाई जान



आग जहां लगा हुआ था उस मकान में तीन लोग फंस गए थे। जिसमें दो पुरुष, एक महिला थी। सूचना पर कोतवाली दुर्ग प्रभारी विजय यादव, प्रधान आरक्षक योगेश चंद्राकर, आरक्षक उत्कर्ष सिंह,चालक नवीन यादव तुरंत पहुंचे। आग तेजी से लगा हुआ था। अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए पुलिस कर्मियों ने तुरंत खिड़की को तोड़कर मकान में प्रवेश किया। उसके बाद महिला और दो पुरुषों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनकी बहादुरी को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने तीनों पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

#### जेवरात को तराशने वाली मशीन भी लपेटे में

बताया गया है कि आगजनी के हादसे में सोने चांदी के आभूषणों को तरासने और डिजाइन देने के लिए फैक्ट्री के भीतर करोड़ों रुपए की मशीने भी लगाई गई थीं। आगजनी से सभी मशीने जलकर खाक हो गई है। इन मशीनों के साथ ही वहां रखा सोना और चांदी भी जलने की जानकारी मिली है। समय रहते टीम मौके पर पहुची गई अन्यथा बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। गवली पारा में कई दुकाने है जल्द आग पर काबू नहीं पाया जाता तो दूसरे दुकान तक भी आग पहुंच सकती थी।

## राशन दुकान में भारी अनियमितता संचालक दंपति के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

राशन दुकान संचालक द्वारा लगातार अनियमितता मिलने की शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम में जांच कर दुकान पर कार्रवाई करने पुलिस में शिकायत किया। मामले में पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता की शिकायत पर सेक्टर 5 में स्थित विंध्यवासिनी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य क्रमांक 431004108 की जांच की गई। जिसमें अनियमितता को लेकर खाद्य नियंत्रक दुर्ग ने जांच प्रतिवेदन पेश किया गया। पुलिस ने प्रमोद पाण्डेय और विद्यावती पाण्डेय के द्वारा विंध्यावासनी महिला स्वयं सहायता समूह संचालित कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलाया करते थे। इनके दुकान में विभाग ने जब जांच किया तो खाद्यान मे कमी पाई गई। जांच समय मौके पर उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान खुली पाई गई मौके पर अनुराधा ठाकुर मौजूद थी। अनुराधा ने बताया विभाग को बताया कि वह स्वयं दुकान की विक्रेता है, संचालन समूह की अध्यक्ष विद्यावती पांडे पति प्रमोद पांडे हैं। उनके देख रेख में राशन दुकान संचालन करते हैं। खाद्य विभाग के भौतिक सत्यापन करने पर चावल निरंक, शक्कर निरंक , नमक 22 कट्टा (50 किलो प्रति),लूज में 17 किलो, मिट्टी तेल निरंक पाया गया। स्टाक पंजी मौके पर पेश नहीं किया गया। खाद्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक जांच के समय ऑनलाइन स्टाक चावल 370.54 क्विंटल , शक्कर 0.70 क्विंटल, नमक 6.06 क्विंटल होना पाया गया।

#### किरायानामा तक पेश नहीं कर पाए

पुलिस ने बताया कि उचित मूल्य दुकान का संचालन समूह की अध्यक्ष विद्यावती पांडे के पति प्रमोद पांडे के द्वारा किया जा रहा है। जबकि नियम अनुसार महिला समूह को आवंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन महिलाओं द्वारा ही किए जाने का प्रावधान है। खाद्य विभाग की पूछताछ में विक्रेता अनुराधा ठाकुर और संचालक प्रमोद पांडे द्वारा बताया गया कि पूर्व में दुकान का संचालन सेक्टर 5 में ही सड़क 16 में रामेश्वर सिंह के घर में किराया के दुकान पर संचालित की जा रही थी। वहां नमी के कारण कुछ चावल खराब हो गए। दुकान भवन में समान की चोरी भी हो रही थी। लेकिन दुकान संचालक ने किरायानामा भी पेश नहीं किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चॉवल का गलत उद्देश्य से वितरण नियमानुसार नहीं किया गया।

## कटर से हमला करने वालों का निकाला जुलूस, दो गिरफ्तार

- शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद, वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना

गणेश पंडाल के पास शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में कटर चलाने वाले आरोपियों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 118(1), 118(2) 351(2), 296, 3(5) बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का बुधवार को जुलूस निकाला। आरोपियों को कान पकड़वाकर कटर चलाना पाप है पुलिस हमारा बाप है का नारा भी लगवाया गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि तीन दिन पहले परदेशी चौक स्थित गणेश पंडाल के पास कटर चलाने वाले आऱोपी परदेशी चौक राम नगर निवासी संजू उर्फ शुभम यादव औऱ् यूसूफ खान को पकड़ा गया। जुलूस निकालकर आरोपियों से कान पकड़कर अपने किए की माफी मांगी। आरोपियों को देखने सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगा रहा। आरोपियों के कई मामले में पुलिस थाने में दर्ज है। थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि आरोपियों द्वारा दहशत का माहौल बनाना चाह रहे थे। इस कारण उनका सिर मुंडवा कर जुलूस निकाला गया। इससे लोगों के बीच उनका आतंक और भय कम हुआ है। आरोपियों को पैदल घूमा कर लोगों के बीच संदेश दिया कि जो भी अपराध करेगा पुलिस उसे नहीं छोड़ेगी।



#### आरोपियों को जगदलपुर से पकड़ कर लाई पुलिस

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हर्ष ताम्रकर के दोस्त थे लेकिन शराब पीने को लेकर विवाद हुआ। आरोपियों ने हर्ष को कटर से हमला कर घायल दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद वे संजू और यूसूफ जगदलपुर में जाकर छिपे हुए थे। जहां से वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भिलाई लाई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रभारी ममता अली शर्मा ने टीम बनाई उसके बाद खोजबीन शुरु किया। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया।

## वैशाली नगर विधानसभा में अब मात्र 100 रुपए में एम्बुलेंस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को एक बहुद्देशीय एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हरी झंडी दिखाकर किया। भिलाई दुर्ग वासियों के लिए यह एम्बुलेंस मात्र 100 रूपये में मरीज को अस्पताल और घर लाने ले जाने की सेवा प्रदान करेगी। विधायक रिकेश ने बताया कि फिलहाल आज एक एम्बुलेंस वैशाली नगर निवासियों को समर्पित की जा रही है और जल्द ही तीन से चार एम्बुलेंस क्षेत्र में इसी तरह रियायती दर पर अपनी सेवाएं देगी। उन्होंने बताया कि शव को अस्पताल से घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस निःशुल्क सेवा देगी।




मरीजों की जरूरत को देखते हुए समाजसेवी संस्था जीवरानी देवी वेलफेयर सोसायटी की देख-रेख में यह एम्बुलेंस सेवा संचालित होगी। मौके पर उपस्थित डॉ. अरूण मिश्रा ने बताया कि मृत शरीर को ले जाने हेतु एम्बुलेंस निःशुल्क सेवा देगी। जरूरतमंद क्यू आर कोड व बैंक के माध्यम से 100 रूपये का शुल्क आनलाईन दें सकेंगे। एम्बुलेंस के लिए लोग मोबाइल नंबर 6262888851 और 6262888852 से संपर्क कर सकेंगे।

### रिसाली नगर निगम एमआईसी का निर्णय

# चलित शौचालय व शव वाहन की होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम दो चलित शौचालय समेत दो शव वाहन खरीदेगा। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के इस विशेष प्रस्ताव पर एमआईसी सद्स्यों ने शासन को भेजने का निर्णय लिया। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली के रिक्त पदों को भरने और नवीन पद सृजन करने का निर्णय लेकर परिषद ने प्रस्ताव शासन की ओर अग्रेसित किया है।

बुधवार को महापौर परिषद के सद्स्यों ने घंटे भर तक दर्जन भर एजेण्डा में मंथन किया। परिषद के सद्स्यों का कहना था कि किसी भी बड़े आयोजन आयोजित होने पर कार्यक्रम स्थल पर शौचालय नहीं रहता। रिसाली को दूसरे निकाय पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी तरह एक शव वाहन न होने से पीड़ितों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। महापौर परिषद के सद्स्यों ने चलित शौचालय और शव वाहन खरीदने शासन को प्रस्ताव भेजा है। एमआईसी बैठक में चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू आदि उपस्थित थे।



#### पुराने की जगह बनेगा नया भवन

वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती का सांस्कृतिक भवन 3 दशक पुराना है। यहीं वजह है कि सांस्कृतिक भवन वर्तमान में जर्जर हो चुका है। महापौर परिषद के सद्स्यों ने निर्णय लिया है कि जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जाए।

#### मुक्तिधाम में होगा वॉचमेन

नगर पालिक निगम रिसाली के मुक्तिधाम में निगम प्रशासन सभी पीड़ितों को निशुल्क लकड़ी उपलब्ध करा रही है। मुक्तिधाम पहुंचे पीड़ितों को असुविधा का अभाव न हो इसके लिए वॉचमेन की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रस्ताव पर सभी सद्स्यों ने मुहर लगाई है।

## विवाहिता ने लगाई फांसी, पति से रात को हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि आर्य नगर पुरानी बस्ती निवासी रौशनी मिश्रा 30 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रौशन की 17 माह की एक बेटी भी है। पति प्रशांत मिश्रा निजी फायनेंस कंपनी में कार्यरत है। परिजनों ने बताया कि घटना की रात प्रशांत अपने काम से रात 3 बजे घर पहुचा था। इस दौरान रौशनी और प्रशांत के बीच विवाद हुआ था। मृतका जहां रहती थी वह दो मंजिला मकान है। विवाद के बाद पति प्रशांत नीचे चला गया फिर रौशनी ने उसे अपने कमरे में सोने जाने की बात कहकर निकल गई। प्रशांत जब वापस कमरे में पहुचा तो रौशनी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना पति ने उसके मायको वालो को सुबह फोन पर जानकारी दी। स्मृति नगर प्रभारी विनिता पानीकर ने बताया कि सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची और शव का पंचानाम कर पीएम के लिए भेज दिया गया। मामले में एक सुसायडल नोट मिला था जो मोबाइल के स्टेस में लगा हुआ था। उसमें लिखा था अपनी इच्छा से कर रहीं हूं इसमें परिवार वालों का कुछ नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।



## हत्या का प्रयास, पति को 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पत्नी की हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से मारने के आरोपी पति को दुर्ग कोर्ट ने सात साल कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है।अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने यह सजा आरोपी चुनकट्टा मुड़पार निवासी शशिकांत बघेल को दी। लोक अभियोजन प्रदीप नेमा के मुताबिक घटना 2 मई 2022 की है। आरोपी शशिकांत बघेल की पत्नी रेखा बघेल को रात करीब 10 बजे अपने बाड़ी के शौचालय में जा रही थी। इसी दौरान आरोपी पति शशिकांत धारदार हथियार चाकू लेकर पीछे से पहुंचा और मारने की कोशिश की। रेखा के कान और कंधे पर चाकू लगा था। आरोपी पति अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करता था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### शिवनाथ में हुआ सैकड़ों प्रतिमाओं का विसर्जन

दुर्ग। गणपति बप्पा के 10 दिनों की पूजा अर्चना करने के बाद ट्विनसिटी के घरों से व पंडालो में विराजमान प्रतिमाओं की विदाई की गई। इसी के साथ ही गणेश चतुर्थी पर्व का समापन हुआ। शिवनाथ नदी तट पर हजारों भक्तों के साथ पूर्व विधायक अरुण वोरा भी पहुंचे। शहर की जनता हेतु गणपति बप्पा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। साथ ही इस उत्सव को प्यार व खुशहाली का प्रतीक बताया। दो दिनों के इस विसर्जन कार्यक्रम का सिलसिला दिन रात चलता रहा। भक्त गणपति बप्पा के अगले बरस जल्दी आने की कमाना कर रहे थे। शिवनाथ तट पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेश शर्मा, सुरेन्द ठाकुर, रमेश पप्पू श्रीवास्तव, सुमीत, संदीप वोरा, नंदू महोबिया, संजीव श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



दुर्ग। शा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा धमधा में भारत की बिन्दी हिन्दी मनोरंजन तक ही हिन्दी क्यों हिन्दी है हम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें से कोई एक विषय में विद्यार्थियों को 150 से 200 शब्दों में लिखने के लिए 30 मिनट का समय दिया गया था। जिसमें विद्यार्थियों ने मात्रा, सुलेख स्पष्ट अक्षर और निबंध की रूपरेखा के साथ लेखन किया। निबंध प्रतियोगिता के पश्चात शिक्षकों ने हिन्दी के महत्व उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा श्री बघेल प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कु रोमा वर्मा आठवीं कु दिव्याकां वर्मा सातवीं, कु पूजा वर्मा आठवीं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### परिजनों को मिली 16 लाख रुपए की सहायता

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार शंकरनगर डुण्डेरा निवासी योगेश कुमार की विगत 03 जून 2023 को आकाशीय बिजली के संपर्क में आने से, वार्ड 40 शंकर नगर छावनी थाना जामुल निवासी चिंताराम साहू की विगत 23 अप्रैल 2023 को आग में जलने से, मकान नं. 46 संतोषी पारा केम्प 02 भिलाई निवासी रेहान खान की विगत 29 अगस्त 2023 को नहाते वक्त पानी में डूबने से एवं ग्राम हथखोज वार्ड नं. 01 तहसील भिलाई जिला दुर्ग निवासी विश्राम निर्मलकर की 17 जुलाई 2022 को आकाशीय बिजली के संपर्क में आने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. योगेश कुमार के पिता चितरंजन साहू को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**बैठक : वजन त्योहार की जांच करें अधिकारी, बनाई जाएगी टीम**

# सर्वेक्षण की धीमी गति पर नाराजगी निगम कर्मी भी करेंगे डोर टू डोर सर्वे

**कलेक्टर ने टीएल की बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ओबीसी सर्वे आगामी 25 सितंबर तक पूरा करना है, लेकिन वर्तमान में कमजोर सर्वे को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है। उन्होने सर्वे कार्य में तेजी लाने के लिए बीएलओ के साथ ही निगम के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दुर्ग जिले को प्रदेश के टाप-5 की सूची में शामिल कराने अफसरों को टारगेट दिया है।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बैठक में कहा कि, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित वजन त्यौहार की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होने किए गए वजन की जांच करने टीम गठित किए जाने के निर्देश दिए है। ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर 1-2 बच्चों के वजन और ऊंचाई की जांच समक्ष में कराने कहा हैं। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने हाई-स्कूल स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम एवं तहसीलदार से समन्वय कर शिविर लगाने के निर्देश दिए। पालक के पास जाति के संबंध में कोई आधार न हो, ऐसे स्थिति में ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित जाति को मान्य किया जाए और इसके आधार पर बच्चे का जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए।



### मुआवजा राशि जारी करने निर्देश

एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों का नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल/रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को भी आरईओ वार पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। वही भारत सरकार की परियोजनाओं के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन कार्यों से प्रभावित किसानों का मुआवजा राशि का भुगतान समय पर हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गेल, पावर ग्रिड टावर एवं भारत माला परियोजना से प्रभावितों के मुआवजा राशि वितरण हेतु संबंधित एसडीएम को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

### स्कूलों में उपस्थिति संतोषजनक नहीं

स्कूलों में उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को एलर्ट सिस्टम पर विशेष जोर देने कहा। इसी प्रकार स्कूल जतन योजना अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य नहीं होने पर संबंधित संस्था प्रमुख के रिपोर्ट अनुसार निर्माण एजेंसी विभाग द्वारा कान्टेक्टर पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत मुआवजा राशि वितरण करने एसडीएम को निर्देशित किया। मध्यान्ह भोजन पकाने हेतु गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जाए। विभागीय समय-सीमा प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनशिकायत निवारण एवं कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरणों को 31 जुलाई के पहले के सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

### पन्द्रह वर्ष पुराने वाहन होंगे स्क्रैप

विभागों में उपलब्ध 15 वर्ष से पुरानी शासकीय वाहनों को स्क्रैप किया जाना है। इसके लिये 15 वर्ष पुरानी शासकीय वाहनों का डाटा परिवहन विभाग के साफ्टवेयर 0.4 में उपलब्ध कराने शुक्रवार तक जानकारी मांगी गई है।

कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों के टीएस, यूसी, सीसी जिला योजना सांख्यिकी कार्यालय को उपलब्ध कराने और आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

## बगैर अफसरों की मानिटरिंग के निर्माण, कैसे होगा पूरा?



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला में निर्माणाधीन हेमचंद विवि का निर्माण अंतिम चरण हे। निर्माण कार्य को पूरा किए जाने के लिए संभागायुक्त और कलेक्टर द्वारा विगत दिनों निरिक्षण कर आगाती तीस सितंबर तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए है। लेकिन यहां विभागीय अफसरों की मानिटरिंग बगैर कार्य हो रहे है। अभी भी सिविल कार्य बाकी है। ऐसे में आगामी तीस सितंबर तक निर्माण कैसे पूरा होगा।

■ पोटियाकला में बन रहा 14 करोड़ की लागत से विवि का भवन

उल्लेखनीय है कि, विगत दिनों संभागायुक्त और कलेक्टर ने पोटियाकला वार्ड में बन रहे विवि के बिल्डिंग का निरिक्षण किया था। उस दौरान उन्होने ठेकेदार को आगाती तीस सितंबर तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए है। लेकिन विवि भवन में एक भी अफसर मानिटरिंग करने नही पहुंच रहे हे। वही संबंधित निर्माण कार्य के ठेकेदार भी मौजूद नही है। मजदूरों के भरोसे काम पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि कालेज में अब तक फिनिशिंग कार्य नही हुआ है। मौके पर लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। लेकिन लिफ्ट के प्रवेश द्वार के लिए गेट ही नही बनाया गया है। विवि के निर्माण कार्य अगल अलग ठेकेदार कर रहे है। रोड का काम अलग, पेटिंग अलग और बिजली का काम अलग ठेकेदार कर रहे है। हांलाकि बिजली वर्क पूरा होने की जानकारी दी गई है। मौके पर सिर्फ मजदूर ही कार्य कर रहे है।

### मृतक के परिजनों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ



दुर्ग। आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत व्यक्ति के परिवार को लाभ नही मिल रहा है। उन्होने विभाग को दिए गए आवेदन में लिखा है कि, इस योजना में दस लाख की राशि मिलनी चाहिए, लेकिन जमीन स्तर पर योजना का बहुत बुरा हश्र है। श्रमिकों के परिवार योजना के लाभ के इंतजार में आवेदन करके थक गए, पार्टी के मेहरबान सिंह का कहना हैं कि, योजना के नियम कहते हैं निर्माण श्रमिक की मृत्यु पर तथा दिव्यांग के परिवार को योजना का लाभ लेने के लिए मृतक की तारीख से 3 माह के अंदर आवेदन करना होता है। लेकिन विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के कारण इस योजना पर कार्य नही हो सका और उक्त समय सीमा के कारण सैकड़ो परिवार इस योजना से बाहर हो गए है। अफसरों का कहना यह पॉलिसी मैटर है, इस पर निर्णय लेने का अधिकार हमारे क्षेत्र के बाहर है। इस दौरान सदस्य डॉ एसके अग्रवाल, संजय सिंह, मेहरबान सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, दिवाकर ठाकुर, रवि साहू, मुशरफ, रउफ अंसारी, राहुल त्रिपाठी आदि थे।

## अधिक कीमत पर नहीं बिकनी चाहिए शराब, हर माह करें आडिट : सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



राज्य शासन के आबकारी विभाग की सचिव आर संगीता ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में आबकारी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से मदिरा दुकानों में संलग्न सेल्स मेन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, वे जिले की सभी दुकानों का निरीक्षण करें और ध्यान रखे कि किसी भी दुकान में निर्धारित कीमत से ज्यादा कीमत पर मदिरा विक्रय ना किया जाए। साथ ही मदिरा दुकानदार को वर्दी में रहने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को हर महीने दुकानों का ऑडिट करने को कहा। सेटअप के संदर्भ में उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय पदोन्नति एवं रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र ही किया जाएगा। बैठक में प्रबंध संचालक श्याम धावरे, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, सहायक कलेक्टर एम.भार्गव, आबकारी अधिकारी राजेश जायसवाल सहित आबकारी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

■ आबकारी अधिकारी हर माह करे दुकानों का आडिट

## शिवसेना विधायक पर एफआईआर दर्ज कराने थाने में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महाराष्ट्र के विधायक संजय गायकवाड द्वारा राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने उन पर एफआईआर दर्ज करने कोतवाली थाने में ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने पुलिस से सक्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

■ कांग्रेसियों ने रैली निकालकर कोतवाली थाने तक पहुंचे

आवेदन में लिखा गया है कि, महाराष्ट्र से शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए यह कह दिया कि " जो भी व्यक्ति राहुल गांधी की जीभ काटकर लाएगा उसे वह 11 लाख रुपए का इनाम देंगे। उनके इस बयान से कांग्रेसी बिफर गए और कांग्रेस पार्टी विरोध प्रदर्शन पर उतर गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, सभापति राजेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, महिप सिंह भुवल, अजय मिश्रा, पार्षद राजकुमार नारायणी, बिजेंद्र भारद्वाज, संदीप वोरा, रत्ना नारमदेव, सरिता ताम्रकार, सन्नी साहू, चिराग शर्मा, विनोद सेन, सुशील भारद्वाज, पप्पू श्रीवास्तव, शिशिरकांत कसार, पृथ्वी चंद्राकर, बिंदु राजपूत, जयंत देशमुख सहित अन्य उपस्थित थे।

## एफएलएन संबंधित जोन स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



दुर्ग। एफएलएन से संबंधित कक्षा 1 से कक्षा 3 पढ़ने वाली शिक्षकों की जोन स्तरीय बैठक का आयोजन मल्टीपरपस संकुल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झुग्गीपारा दुर्ग में किया गया। जिसमें दुर्ग शहर के संकुल के जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत 12 संकुल के समन्वयको एवं शिक्षकों की बैठक रखी गई। जिसमें क्रमशः बहुद्देश्यीय, तकियापारा, आदर्श कन्या, तिलक, पंचशील नगर, दीपक नगर, सिकोला भाठा, तितुरडीह, उरला, पुलगांव, बघेरा एवं बोरसी संकुल के शिक्षक उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में डीआरजी सुश्री रूबी नाग द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे-अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर चर्चा, कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय, संकुल समन्वयको द्वारा कक्षा अवलोकन पर चर्चा किया गया। समस्याओं पर चर्चा के पश्चात शिक्षकों से उनके अपने शाला के अनुभव साझा करने के अवसर प्रदान किए गए। जिसमें सपना यदु शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहापुरी द्वारा कक्षा 2 के गणित विषय की अभ्यास पुस्तिका पर पूरे एक दिन के अध्ययन का डेमो दिया गया। स्त्रोत समन्वयक (दुर्ग शहर) किरण चंदवानी द्वारा एफ.एल.एन. अभ्यास पुस्तिका वितरण एवं मांग की जानकारी भी शिक्षकों से लिया गया। नई शिक्षा नीति में एफ.एल.एन. के महत्व पर भी यू.आर. सी.सी. मैडम द्वारा प्रकाश डाला गया। इस बैठक में एस.आर.जी. के रूप में मिलिंद चंद्रा एवं अर्शिया इकबाल का विशेष सहयोग रहा। बैठक में प्रीति पंसारी, नीलू महिकवार, कमल वैष्णव, प्रदीप देशमुख, नवीन कुमार भारद्वाज, आरिफ खान, सुनील सिंह, मोतीराम पटेल एवं बीएससी कमरुद्दीन, के साथ शासकीय प्राथमिक शाला झुग्गीपारा के प्रधान पाठक रविकांत देवांगन का विशेष सहयोग रहा

### गुजराती समाज के अध्यक्ष बने प्रवीण

दुर्ग। श्री गुजराती समाज पद्मनाभपुर के नए अध्यक्ष प्रवीण भाई आढ़तिया, सचिव दिनेश भाई काटकोरिया को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किये गये। समाज की सामान्य सभा की बैठक में सर्वप्रथम समाज के पूर्व अध्यक्ष खुशाल भाई मेहता को श्रद्धांजलि दी गई, जिनका कुछ दिनों पूर्व ही निधन हुआ था। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दीक्षित, विनोद परमार, सहसचिव रतिलाल पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, संरक्षक इंदु भाई पटेल, मोती भाई वस्तानी, कांति भाई, भिखु भाई पटेल, दीपक जैन । कार्यकारिणी सदस्य : किशोर पटेल, मुकुंद धाबलिया, ताराचंद सांगानी, सन्मुख पटेल, नविन भाई पटेल, अनिल जैन, निकेत मेहता, अंकित मेहता, दिपम काटकोरिया शामिल है।

**स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी, निकाली रैली**

# 400 महिलाओं की अगुवाई में स्वच्छता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



स्वच्छता ही सेवा 2024 का आगाज रिसामा गांव से किया गया। आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में पहले दिन चार सौ से अधिक महिलाओं की अगुवाई में अभियान का आगाज किया गया। विकासखंड दुर्ग, धमधा एवं पाटन में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

■ आगामी दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान

विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग (ग्रामीण) द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ग्राम पंचायत में स्वच्छता के स्थायित्व को बनाए रखने का संदेश दिया। ग्राम के स्वच्छाग्राही दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गीता महानंद, सरपंच ग्राम पंचायत रिसामा, रूपेश कुमार पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दुर्ग की उपस्थिति में किया गया। ग्राम पंचायत बरहापुर, जनपद पंचायत धमधा में ईश्वर साहू, विधायक साजा द्वारा क्षेत्र के उपस्थित सभी स्वच्छताग्राही दिदियों, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्वच्छता शपथ के बाद मानव श्रृंखला तैयार कर स्वच्छ भारत का प्रतीक चिन्ह गांधी जी का चश्मा तैयार किया गया। स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर 400 महिलाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया। शाला के बच्चों द्वारा स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, नृत्य, निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अशोक साहू उपाध्यक्ष, जि.पं. दुर्ग की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जामगांव (आर) जनपद पंचायत पाटन में स्वच्छता खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से उपस्थित हुए स्वच्छाग्राहियों द्वारा भाग लिया गया। स्वच्छता संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता में महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकेश कुमार कोठारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन, राजकुमार ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत जामगांव (आर) एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।





अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN
• FITTER 2 Year (10th Pass)

DHANORA
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम धनोरा जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कृष्ण कुमार हुए सम्मानित

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत निवासी कृष्ण कुमार देवांगन एलआईसी एडवाईजर का दुबई में सम्मान किया गया। कृष्ण कुमार दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मिलियन डालर राउंड टेबल एमडीआरटी यूएसए ग्लोबल कांफ्रेन्स में भाग लिया। भारतीय जीवन बीमा कंपनी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सीओटी यूएसए कोर्ट ऑफ द टेबल से दुबई में सम्मान किया गया।

### खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिएः नारद



**जामगांव आर।** ग्राम उमरपोटी (बटरेल) में नवयुवा क्रीडा मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन मंडल ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से हमेशा खेल खेलना चाहिए। अपनी प्रतिभा निखारने का सुंदर अवसर खेल स्पर्धा में मिलता है। खेल से तन मन में उर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में कमलेश साहू किसान मोर्चा अध्यक्ष दक्षिण पाटन मंडल, चोवाराम नेताम, श्यामलाल विश्वकर्मा, जितेन्द्र चन्द्राकर, डेमनलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### निकुम कॉलेज में वाणिज्य परिषद का किया गठन

**अंडा।** स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महविद्यालय निकुम में वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सीमा जयसवाल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करने के लिए परिषद का गठन किया जाता है। वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष के रूप में भावना निर्मलकर बीकॉम अंतिम वर्ष, उपाध्यक्ष धारिणी देशमुख बीकॉम अंतिम वर्ष, सचिव योगिता साहू बीकॉम द्वितीय वर्ष सहसचिव गेंदालाल साह बीकॉम द्वितीय वर्ष निर्वाचित की गई।

## निधन

### शंकर लाल गुप्ता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी और साहित्यकार शंकर लाल गुप्ता (कक्कू जी) का 93 वर्ष की उम्र में



जेएलएन हॉस्पिटल सेक्टर-9 में आज इलाज़ के दौरान निधन हो गया । उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निवास 397/क स्ट्रीट नो-07 केला बाड़ी से दोपहर 12.30 बजे निकालेगी। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पूर्व जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरिया के ससुर थे। उनके परिवार में उनके पीछे 3 बेटियां और 2 बेटे गीता बिचपुरिया, रूपा गुप्ता, सतीश गुप्ता ओम प्रकाश गुप्ता और रेखा गुप्ता हैं।

## दुर्ग पुलिस ने किया संकल्प एक युद्ध ,नशे के विरुद्ध का आयोजन

# इच्छाशक्ति को मजबूत रखने से भविष्य के परिणाम भी सार्थक आएंगे: राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सांस्कृतिक भवन में दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ़ 'संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

बच्चों को संबोधित करते हुए दुर्ग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने कहा कि आज नशे की लत से लोगों के घर बर्बाद हो रहे है, उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सब को सार्थक सोच रखनी होगी और अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत रखना होगा इससे भविष्य के परिणाम भी सार्थक आयेंगे। उन्होंने बच्चों को कहानी सुनाते हुए कहा की हमे अपने अंदर की नकारात्मकता को हटाकर सकारात्मक सोच लाना चाहिए फिर आप कभी भी गलत रास्ते में नही जायेंगे। उन्होंने बताया की दुर्ग पुलिस ने यह संकल्प लिया है कि दुर्ग जिले को हमें नशा मुक्त करना है हमने नशे के विरुद्ध जो युद्ध छेड़ा है। इस मुहिम में आप सब की सहभागिता आवश्यक है। हम इस मुहिम के तहत प्रत्येक थाने में प्रतिदिवस ये कार्यक्रम कर रहे है जो विगत 15 अगस्त से 26 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा। इसके अलावा समाज के अन्य लोगों के सहयोग से स्कूलों में बच्चों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है आप सभी अपने परिवार एवं आस पड़ोस के लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवश्य बताएं। हम सब जानते है कि नशा हमेशा जीवन का नाश करता है इसलिए हम सब को एकजुट होकर इसके विरुद्ध लड़ना है हमारा नारा है नशा मुक्त समाज खुशहाल समाज। अपनी बात रखते हुए सीएसपी (छावनी) हरीश पाटिल ने कहा कि पूरे जिले में नशे के खिलाफ अभियान जोरो से चल रहा है। हमारा जो संकल्प अभियान चल रहा है उसके तीन मध्यम है पहला नशा परिवार और समाज को किस तरफ प्रभावित करती है दूसरा नशे के खिलाफ कार्यवाही जो की दुर्ग पुलिस लगातार कर रही है इसका तीसरा और अन्तिम पहलू है पुनर्वास, इसमें हम समाज के विभिन्न लोगों के बीच जाकर उन्हें ये बता रहे है कि नशा मुक्ति असंभव नहीं है बस आत्मविश्वास की आवश्कता है।

चाइल्ड हेल्प लाइन की भारती बिसेन ने कहा कि अगर आपको अपने आस पास कोई भी इस तरह का बच्चा दिखाई दे तो चाइल्ड हेल्प लाइन से तत्काल संपर्क करे। कल्याणी नशा मुक्ति संस्था के अजय कल्याणी ने कहा कि नशा कई तरह के होते है इसमें मोबाइल का नशा भी शामिल है जिससे आज बच्चा-बच्चा ग्रसित है हम आए दिन इन समस्याओं से दो-चार होते रहते है हमारी संस्था में जब बच्चा आता है तो नशे की लत की वजह से वह हमे अपना दुश्मन समझता है लेकिन कुछ दिनों के इलाज के बाद वही बच्चा जब इस बीमारी से बाहर आता है तो एक बेहतर जीवन जीता है आज पालको की भी जिम्मेदारी है कि अगर उनका बच्चा नशे का आदि हो गया है तो बिना किसी झिझक के हमारे नशा मुक्ति केंद्र में आए और हमारा साथ दे ताकि बच्चा नशे का त्याग कर समाज के मुख्य धारा में शामिल हो सके। आज समाज में प्रत्येक लोगों का यह दायित्व है कि अपने बच्चो को नशे के विरुद्ध जागरूक करे एवं इससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताएं, ताकि बच्चा इससे दूर रहे। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी को नशे से दूर रहने को शपथ दिलाई गई। उक्त आयोजन में डॉ. पुष्पेंद्र नागवंशी, राम बिहारी मिश्रा, पीएन दुबे, रामकुमार सोनी एवं मिथलेश यादव ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक के आर साहू ने किया एवं शाला विकास समिति (सेजेस) के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

**बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ**




## अंचल की खबरें

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन



**नंदिनी अहिवारा।** नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष के द्वारा स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर कार्यालय से नेहरू विद्यालय तक प्रभात फेरी निकाला गया। नटवर लाल ताम्रकार अध्यक्ष नपाप अहिवारा, सीमा बख्शी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रेवती रमन शर्मा उपअभियंता नपाप अहिवारा, रविशंकर सिंह, सतीश साहू, अनुज साहू, शिवनारायण अग्रवाल, अरूण बंजारे, भगवान सिंह, स्टालिन सामुवेल, लिमन साहू, कुशल साहू, विद्यानंद कुशवाहा एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे। रैली के आयोजन के पश्चात परिसर में श्रमदान कर पौधारोपण किया गया। स्वच्छता की ब्रांड एम्बेन्डर मिली भी उपस्थित थी। निकाय के शुभम महतो, मेनका नायडू, जागृति साहू, पन्ना लाल बंजारे, कुसमाकर साहू, इंदल ठाकुर, हिमांचल शर्मा, केदार साहू प्रकाशचंद साहू, सुर्यप्रकाश, आकाश गोस्वामी, ईश्वरी साहू के साथ-साथ स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल, गांधी मेमोरियल स्कूल, डीएव्ही स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में एवं स्वच्छता दीदी व कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।

### हितग्राहियों को दिया प्रमाण पत्र



**नंदिनी अहिवारा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों का मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वार्ड क्रं 3 स्थित मंगल भवन में प्रोजेक्टर लगाकर जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री द्वारा गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के द्वारा पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नटवर लाल ताम्रकार आध्यक्ष नपाप अहिवारा, सीमा बख्शी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रेवती रमन शर्मा उपअभियंता नपाप अहिवारा, अनुज साहू, शिवनारायण अग्रवाल, भगवान सिंह, लिमन साहू विद्यानंद कुशवाहा, लीलाधर साहू, दयाशंकर तिवारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे। निकाय के कर्मचारी शुभम महतो, मेनका नायडू जागृति साहू पन्ना लाल बंजारे, कुसमाकर साहू, इंदल ठाकुर, हिमाचल शर्मा, केदार साहू, प्रकाशचंद साहू सुर्यप्रकाश, आकाश गोस्वामी एवं ईश्वरी साहू के साथ-साथ स्वच्छता दीदी व कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## आगेसरा में हुआ रामधुनी



**जामगांव आर।** वृंदादेवी धाम आगेसरा में आदर्श गणेशोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसके द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता रूपेंद्र शुक्ला ने की। विशेष अतिथि भेष आठे जोन प्रभारी, डॉ. डागेश्वर साहू, होरीलाल साहू सरपंच, कमलेश्वर साहू, चंद्रगुप्त साहू, संपत साहू सरपंच, संतराम साहू ने सियारामचंद्र, हनुमान, गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की मंगलकामना किए। इस अवसर पर झुनकू राम साहू, सरजू राम साहू,भानुप्रताप साहू, कन्हैया लाल साहू, जसवंत साहू, योगेश यादव, नूरेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, तीरथ पटेल, भूपेंद्र साहू, दुजराम साहू, घासीराम पटेल, चैनू राम साहू, चंद्रहास साहू, सुरेश साहू, राम्हू पटेल, रामलाल पटेल, डोमार पटेल, अंकलहु पटेल, सेवक साहू, राजेंद्र साहू, बसंत सारवा, राजू साहू, उत्तम पटेल, रोहित साहू, विश्राम साहू आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कृषक कुटीर का लोकार्पण और विभिन्न विकास योजनाओं के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

प्रदेश के सबसे बड़े सहकारी समिति वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्या.उतई प.क्र. 101 का वार्षिक आम सभा व नवीन किसान कुटीर का लोकार्पण शुक्रवार को धान उपार्जन उपकेन्द्र खोपली में क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, योगिता चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग के अध्यक्षता, फत्तेलाल वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा दुर्ग ग्रामीण, सरपंच मंजू वर्मा, पुकेश चन्द्राकर, सोनू राजपूत महामंत्री, शुभम वर्मा, देवेन्द्र भारती, संतोष साहू, रमाकांत चंद्राकर बूथ अध्यक्ष, लुमेश्वर चन्द्राकर, रूप नारायण शर्मा पूर्व अध्यक्ष वृहत्ताकार सहकारी समिति उतई, जीवन साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कृषक कुटीर का लोकार्पण व ग्राम पंचायत खोपली के विभिन्न विकास योजनाओं का भूमि पूजन के बाद भारत माता कृषक देव भगवान बलराम छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा व दीप प्रज्ज वलन के बाद अतिथियों का स्वागत अभिनंदन के बाद स्वागत भाषण व प्रतिवेदन संस्था प्रबंधक गिरधर सोनी के द्वारा वाचन किया गया। सरपंच मंजू वर्मा के द्वारा कृषकों को कार्यक्रम में बधाई दिया व गांव में विकास की गंगा विधायक के द्वारा करायी जा रही है उसके लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विधायक ललित ने कहा कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है उनके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है कृषक सुविधा उपलब्ध कराना हमारा काम है। जो मांग आप लोगों ने दिया है जल्द काम प्रारंभ होगा। संस्था के प्राधिकृत अधिकारी, प्रबंधक व कर्मचारियों द्वारा समस्त मंचस्थ अतिथियों का शाल, श्री फल से सम्मानित किया गया।

- संस्था के प्राधिकृत अधिकारी, प्रबंधक व कर्मचारियों ने अतिथियों का किया स्वागत



### केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने की पूजा अर्चना



**भिलाई।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का दुर्ग प्रवास के दौरान वे चरोदा स्थित संतोष साहू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू समाज के निवास में पहुंचे और सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति जोन-2 चरोदा में आगमन हुआ। तोखन साहू ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के रेड रिबन क्लब के द्वारा छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब प्रभारी अंजू रानी ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए एड्स बीमारी का भारत में बढ़ती संख्या, रिस्क एरिया तथा बचने के उपाय पर विस्तार से चर्चा की। महविद्यालय के प्राचार्य डा. डी. के. बेलेंद्र ने क्लब के युवाओं को एड्स बीमारी से समाज को बचाव हेतु जागरूक किया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की एनएसएस महिला प्रभारी दल की जीवंतिका ठाकुर ने एड्स की जानकारी ही बचाव है पर जोर दिया। विशेष वक्ता डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा ने इस बीमारी के लक्षण, शरीर में प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में एड्स जागरूकता से संबंधित वीडियो भी दिखाया गया। छात्र प्रतिनिधि के रूप में मोहित साहू ने 1097 टोल फ्री न.तथा एड्स जागरूक में विभिन्न सोशल मीडिया वेबसाइट यूट्यूब, इंस्टाग्राम , फेसबुक की इसमें युवाओं को जुड़ना चाहिए पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन दीपेश निषाद के द्वारा किया गया।रेडरीबिन क्लब के इस आयोजन को सफल बनाने मे सहायक प्राध्यापक, डॉ सीमा जायसवाल, पूजा सोढ़ा, अन्नपूर्णा यादव , वेदप्रकाश ठाकुर डॉ. शिप्पी देवांगन, अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे, गीतेंद्र साहू एवं येवेंद्र साहू का योगदान रहा।

### नेमचंद हुए अध्यक्ष निर्वाचित

**उतई।** छग धोबी समाज रिसामा परीक्षेत्र का चुनाव कर्मा भवन पुरई में 15 सितंबर को लोकतांत्रिक विधि से हुआ। निर्वाचन में कुल 195 मत पड़े। जिसमें नेमचंद निर्मलकर को 102 अशोक निर्मलकर को 92 व एक मत रद्द हुआ। इस प्रकार 10 मत से नेमचंद निर्मलकर निर्वाचित हुए। इस प्रकार मुख्य चुनाव अधिकारी खिलावन निर्मलकर ने नेमचंद निर्मल को जीत की घोषणा करते हुए गणेश निर्मलकर महासचिव, उमेश निर्मलकर कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। मतदान के दौरान क्षेत्र के भारी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर दुर्ग जिलाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, दुर्ग राज अध्यक्ष जीवन निर्मलकर, राजेंद्र रजक सदस्य रजक कल्याण बोर्ड, कुंवर सिंह निर्मलकर, माखन निर्मल, रामाधार, विक्रम, पवन, भोजराम, दुष्यंत, ठाकुर राम आदि उपस्थित थे।








## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को

### तरीघाट स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोजन

**पाटन।** विकास खंड पाटन अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तारीघाट में न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश साहू संघ रायपुर के उपाध्यक्ष और भाजपा महिला मोर्चा के जिला मंत्री, समाज सेवी चंद्रिका साहू के तत्वावधान में जन्मदिन के अवसर पर किया गया। स्कूली बच्चों को केला और मिठाई खिलाकर न्योता भोज दिया तत्पश्चात साहू ने विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अमरूद का पौधा रोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन धनराज साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सरस्वती सिन्हा, यतेश्वर गोस्वामी, गजेंद्र सिन्हा, टोमन साहू, बेद राम साहू सहित स्कूल के प्रधान पाठक लोकनाथ सोनवानी, शिक्षक ऋषि कुमार साहू, नीलम साहू, कविता गिरे और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### आम–सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री हरिकांत कोरी पिता मूलचंद कोरी निवासी साई मंदिर सुन्दर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा तुलसी प.ह.न. 16 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) मे स्थित भूमि खसरा न. 415 रकबा 0.9700 हे., लगान 1.50 रू. जो .कि राजस्व रिकार्ड मे बतौर भूमिस्वामी मो. शेख फारूक अशरफी पिता स्व. मो. शेख युसुफ निवासी बैरन बाजार रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम हक व स्वामित्व पर दर्ज है। को क्रय करने का आपसी सौदा पक्का कर सौदे के अनुरूप ब्याना दे चुके है। उक्त सौदे के अनुसार रजिस्ट्री की प्रक्रिया शेष है।

अतः मेरे पक्षकार द्वारा सौदाशुदा उपरोक्त खसरा न. व रकबा की कृषि भूमि को क्रय करने के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, एवं संस्थान को दावा/आपत्ति हो तो वे मेरे द्वारा प्रकाशित आम सूचना दिनांक से एक सप्ताह के अंदर अपना आपत्ति मय-दस्तावेज सहित मेरे अथवा मेरे पक्षकार(क्रेता) के कार्यालय / निवास मे अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त नियत अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त खसरा न. व रकबा की कृषि भूमि को अपने अथवा अपने द्वारा बताये गये किसी भी व्यक्ति के पक्ष मे रजिस्ट्री पंजीयन करा सकते है। जिसके पश्चात दर्ज किसी भी प्रकार का आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा साथ ही झूठा एवं नाजायज माना जावेगा।

भवदीय
जी.एस. साहू, एम.डी. वैष्णव
अधिवक्तागण
कार्यस्थल– राजस्व एवं व्यवहार न्यायालय पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.न.– 7067081874

## खबर संक्षेप



### नशे की दवा के साथ दुकान संचालक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर मेड़िकल संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 8, 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अवैध पदार्थ मादक द्रव्य कोडिन युक्त सीरप बेचने वालो पर पैनी नजर रखी गई है। मुखबिर की सूचना पर न्यु कृतिका मेडिकल स्टोर्स का संचालक आजाद मार्केट रिसाली नेवई निवासी अनिल सिंह को पकड़ा गया है। उसके पास से स्टील ड्रम के भीतर एक गुलाबी रंग के प्लास्टिक झिल्ली में 12 नग प्रतिबंधित सीरप मिला। 9 नग अवैध प्रतिबंधित कोडिन युक्त सीरप कोड्रिल टी,3 नग प्लानोकफ जब्त किया। जिसकी कीमत 1860 रूपये आंकी गई है। नशे के सामान को अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक औषधि सीरप को बेच रहा था। उक्त सामान को घर दुकान में छिपाकर रखा था। दबिश देकर पुलिस ने अनिल सिंह के यहां से मादक औषधि सीरप जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी नेवई आनंद शुक्ला समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### भिलाई विद्यालय से निकली स्वच्छता रैली



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई विद्यालय, सेक्टर–2 में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली आसपास के क्षेत्रों से होते हुए सेक्टर–4 चौक पर समाप्त हुई। रैली में टीएसडी–शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, भिलाई विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी, अभिभावक–शिक्षक संघ के सदस्य व विद्यार्थी शामिल हुए। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। छात्र अंकुश, अंकिता और सुषमा ने सभा में स्वच्छता पर भाषण दिया। सभी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा कार्यपालक निदेशक सभागार में राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि सीजीएम संदीप माथुर उपस्थित थे। इस अवसर आयोजित कवि गोष्ठी में यशवंत कुमार साहू, सहायक महाप्रबंधक मनोरमा कुमारी निरीक्षक/कार्यपालक, सीआईएसएफ किशोर कुमार तिवारी ने कविताएं सुनाईं। मुख्य अतिथि कहा कि आज अनेक भाषाएँ एवं बोलियाँ विलुप्ति की कगार पर हैं, जो कि हिंदी का ही रूप हैं। हमें हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर इन भाषाओं को विलुप्त होने से बचाना है।

# छुट्टी देने वाले हेडमास्टर निलंबित, कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने की कार्रवाई

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा, कार्यवाही करे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

खबर का असर

मुख्यालय से लगे ग्राम मोहलाई के प्राथमिक स्कूल में मंगलवार को हेडमास्टर रतीराम यादव द्वारा छुट्टी दिए जाने के मामले में कलेक्टर ने बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में डीईओ को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने हेडमास्टर को निलंबित कर दिया है। हरिभूमि द्वारा बुधवार को इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर ने मामले को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होने बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में हेडमास्टर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिस पर डीईओ अरविंद मिश्रा ने हेडमास्टर रतीराम यादव को निलंबित कर दिया है। डीईओ ने बताया कि, निलंबन अवधि में उनका कार्यकाल धमधा बीईओ निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय हैं कि, प्राथमिक स्कूल में 212 बच्चे अध्यनरत है। स्कूल में हेडमास्टर सहित पांच शिक्षक पदस्थ है। मंगलवार को जानकारी मिली कि, दो शिक्षक ऐच्छिक अवकाश और दो शिक्षक ट्रैनिंग पर गए थे। ऐसे में हेडमास्टर ने भी स्कूल की छुट्टी करा दी और ताला तक नही खोला गया था। वही स्कूल में मध्यान भोजन का वितरण नही किया गया था।

### निरीक्षण करने की जरूरत

स्कूल के संचालन को लेकर मनमानी की लगातार शिकायत सामने आ रही थी। ऐसे में न सिर्फ मोहलाई बल्कि अन्य स्कूलो में भी उच्च अधिकारियों को निरिक्षण करने की जरूरत है। ताकि स्कूलों में इस तरह की मनमानी पर लगाम लगाया जा सके।



चार शिक्षक ट्रेनिंग और ऐच्छिक अवकाश पर, हेड मास्टर ने कराई छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मुख्यालय से लगे ग्राम मोहलाई के प्राथमिक स्कूल में मनमानी सामने आई है। स्कूल में पदस्थ दो शिक्षक ऐच्छिक अवकाश पर चले गए, वही दो शिक्षक ट्रेनिंग (एफएलएन) में गए थे। ऐसे में हेडमास्टर ने स्कूल की ही छुट्टी करा दी और ताला ही नहीं खोला। इस मनमानी की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है।

जानकारी अनुसार प्राथमिक स्कूल में पहली से पांचवी तक 212 बच्चे अध्यनरत है। प्राथमिक की

ग्रामीणों की शिकायत पर मची खलबली, शिक्षकों की मनमानी उजागर

छुट्टी की जानकारी के बाद मिडिल के बच्चे भी टीचरों से छुट्टी देने की मांग करते रहे। मोहलाई में ही मिडिल स्कूल भी संचालित है। यहां आठ शिक्षक पदस्थ है। मंगलवार को यहां स्कूल खुले थे, लेकिन पास के ही प्राथमिक स्कूल में ताला लगा पाया गया। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से भी की है।

जानकारी अनुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से भी शिकायत हुई है।

शिक्षक नहीं थे : हेडमास्टर

स्कूल के हेडमास्टर रतीराम यादव का कहना है कि, स्कूल में पांच शिक्षक है। जिसमें से तीन ट्रेनिंग में थे, वहीं उनके साथ दो शिक्षक ऐच्छिक अवकाश पर थे। इसलिए उन्होंने स्कूल का ताला ही नहीं खोला और अघोषित छुट्टी कर दी।

नहीं बांटा गया मध्यान्ह भोजन

प्राथमिक स्कूल मोहलाई में हेडमास्टर रतीराम यादव द्वारा अघोषित छुट्टी किए जाने से स्कूल में मध्यान्ह भोजन का भी वितरण नहीं किया गया। स्कूल में कुछ बच्चे पहुंचे भी थे, लेकिन बच्चों को गणेश विसर्जन की छुट्टी होने की बात कह दी गई। जिसके बाद स्कूल के न ताले खुले और न ही मध्यान्ह भोजन बन सका।

### निलंबित किया गया

“ मोहलाई के प्राथमिक स्कूल के हेडमास्टर को कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

**अरविंद मिश्रा,** डीईओ, दुर्ग

## द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स का इंजीनियर भवन में तकनीकी व्याख्यान

# एआई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में सावधानी नहीं बरतने से होंगे विनाशकारी परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा द्वारा मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में इंजीनियर भवन, सिविक सेंटर में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री थे। अतिथि वक्ता आईआईटी भिलाई के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस डां. सौरद्वितीय पॉल थे। अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की।

स्वागत भाषण भिलाई शाखा के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने दिया।

श्री गिरी ने कहा कि पूरा विश्व बदलाव की ओर अग्रसर है और वर्तमान व्यवस्था इस परिवर्तन को आत्मसात करने के लिए तैयार नहीं है। मानव जीवन के सतत विकास के लिए भूख एवं गरीबी रहित, बेहतर स्वास्थ, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल,स्व सक्षम एवम टिकाऊ शहर के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान सिर्फ भूमि पर स्थित जीवन को बचाने तक केंद्रित न होकर पृथ्वी में मौजूद तीन चौथाई जलीय जीवन के अस्तित्व को बचाए रखने पर भी होना चाहिए, क्योंकि यह इकोसिस्टम का महत्वपूर्ण कारक है। इस संदर्भ में इंजीनियरों को गंभीरता से सकारात्मक पहलुओं में विचार मंथन की आवश्यकता है।

### अभियंताओं ने जागरुकता का लिया संकल्प



### सेमिनार में प्रस्तुतिकरण से समझाया

डां. सौरद्युति पॉल ने ड्राइविंग सस्टेनेबिलिटी विथ इंजिनियरिंग सॉल्यूशंस एंब्रेसिंग लेटेस्ट ए आई ड्रिवन टेक्नोलॉजीज को अपने प्रस्तुतिकरण के द्वारा समझाया। डॉ. पॉल ने स्वास्थ्य सेवा और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्रों में एआई प्रौद्योगिकियों के लाभों के बारे में बात की, जहाँ इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से बीमारियों का शीघ्र पता लगाया जा सकता है और उद्योग मे विनिर्माण दोषों का शीघ्र पता लगाने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि एआई प्रौद्योगिकियों का पर्याप्त सावधानी से उपयोग नहीं किया जाता है, तो इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

### पर्यावरण जागरुकता की जरूरत

पुनीत चौबे ने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण असंतुलन से मानव जीवन के अस्तित्व पर है और अभियंताओं को इसकी रक्षा और पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान देना होगा। मेसर्स यूनिकॉन इंजिनियर्स कोयंबटूर के प्रोजेक्ट हेड सैमुअल ने प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम में सीजीएम श्रीकांत, श्री छाबड़ा, आई एस लंबा, एस सी आनंद, संस्था के पूर्व अध्यक्ष पीके तिवारी, बीपी यादव, कैलाश मल्होत्रा, शिखर तिवारी, चितलांगिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धी चौबे और आभार प्रदर्शन प्रो. निशांत यादव ने किया।

## 39 महीने के लंबित एरियर्स और बोनस को लेकर यूनियनें लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल कर्मचारियों के 39 महीने के लंबित एरियर्स भुगतान और और इस्पात उद्योगों के निजीकरण के प्रयास के खिलाफ यूनियनों ने केंद्र सरकार और सेल प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। इस मामले में सरकार के उदासीन रवैये और और इस्पात मंत्री के कोरे आश्वासन से गुस्साई यूनियनें लामबंद हो रही हैं। संयुक्त यूनियन द्वारा गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट के सामने प्रदर्शन करेंगी। उल्लेखनीय है कि सेल वेतन समझौता के दौरान एरियर्स भुगतान किए जाने के निर्णय के बाद भी अब तक कर्मचारियों के 39 महीने का लंबित राशि प्रदान नहीं की गई है। वहीं घाटे वाले इस्पात उद्योगों के निजीकरण के खिलाफ भी सरकार का शिकंजा कसता जा रहा है। वहीं सालाना बोनस फार्मूला से राशि निर्धारण किए जाने से नुकसान को लेकर भी कर्मचारियों में असंतोष है। इसके चलते यूनियनों पर कर्मचारियों को प्रेशर है। संयुक्त यूनियन द्वारा 39 महीने के बकाया एरियर्स भुगतान, बोनस फार्मूल में परिवर्तन कर इस साल बेहतर बोनस राशि देने और आरआईएनएल के निजीकरण नहीं किए जाने की मांगों के लेकर संयुक्त यूनियन द्वारा 19 सितंबर को बोरिया गेट के सामने सुबह 8 से 9 बजे तक प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन में बीएमएस, इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू, लोईमू और इस्पात श्रमिक मंच शामिल होंगे। सेल प्रबंधन के नाम ज्ञापन देकर मांगों को पूर्ण किए जाने पर जोर दिया जाएगा। यूनियनों के मुताबिक कई बार बीएसपी व सेल प्रबंधन को ज्ञापन देने और प्रदर्शन के बाद भी 39 महीने के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इससे कमर तोड़ मेहनत कर बीएसपी व सेल को प्राफिट में ले जाने वाले कर्मचारियों को मनोबल गिर रहा है और असंतोष बढ़ रहा है। पिछले साल सालान बोनस का निर्धारण पुराने बोनस फार्मूले से किए जाने से कर्मियों को लग रहा है कि इस साल भी उन्हें नुकसान होगा।

■ संयुक्त यूनियन का बोरिया गेट पर आज प्रदर्शन

### इस्पात मंत्री के भी संज्ञान में लाए

कर्मचारी यूनियनों द्वारा एरियर्स व निजीकरण आदि की अहम मांगों को 17 सितंबर को भिलाई में इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के भी संज्ञान में लाया गया था। उन्हें मांग पत्र देकर जल्द निराकरण की मांग की गई थी। इसमें 1 जनवरी 2017 से लंबित वेज रिवीजन को जल्द पूर्ण कर बकाया एरियर्स का भुगतान, बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर दुर्गापूजा पूर्व भुगतान करने, आरआईएनएल, नगरनार संयंत्र व एफएसएनएल का निजीकरण रोकने,बीएसपी कर्मियों को हायर पेंशन का लाभ दिलाने ईपीएफओ की बाधाओं को दूर करने आदि मांगें शामिल हैं।

## भागवत कथा सुनने से पापी का भी कल्याण होता है: श्याम सुंदर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन सनातन धर्म ट्रस्ट हनुमान मंदिर सेक्टर दो में किया जा रहा है 24 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रधान न्यासी आईपी मिश्र द्वारा आयोजित की कथा के पहले दिन बुधवार को कथा वाचक श्री श्याम सुंदर पाराशर महाराज श्रीधाम वृंदावन ने भागवत कथा के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति की महिमा का ज्ञान नहीं तब तक उसे व्यक्ति के प्रति हमारी श्रद्धा नहीं होती। जब उसे व्यक्ति की महिमा का या पद का ज्ञान हमें होता है तभी हम उसे व्यक्ति का आदर करते हैं। उसी प्रकार किसी भी ग्रंथ में श्रद्धा करने के लिए उसकी महिमा का ज्ञान होना चाहिए। इसीलिए प्रथम दिन भागवत का महात्म्य श्रवण कराया जाता है। महाराज ने कहा श्रीमद् भागवत कथा को सुनने से कितना भी पतित पापी क्यों ना हो उसका कल्याण हो जाता है।

■ सेक्टर दो हनुमान मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का पहला दिन

## लीज नवीनीकरण समस्या का हो निदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से भिलाई निवास में मुलाकात की। व्यापारियों ने बीएसपी टाउनशिप में विभिन्न संस्थाओं के लीज नवीनीकरण की लंबित समस्या के जल्द निदान की मांग की।

बैठक में स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, महासचिव दिनेश सिंघल, सुरेश रतनानी, शैक्षणिक संस्था की ओर से एस सजीव एवं धार्मिक संस्था की ओर से सत्यवान नायक, रामकुमार गुप्ता व प्रदीप बाकलीवाल उपस्थित थे।

■ सांसद बघेल के साथ स्टील सिटी चेंबर के प्रतिनिधि मंडल की चर्चा, मिला आश्वासन

जारी विज्ञप्ति में बताया गया गया कि इस्पात मंत्री से टाउनशिप क्षेत्र के सामाजिक,धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के लीज नवीनीकरण प्रकरण के निराकरण के लिए चर्चा की। विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक व व्यवसायिक रूप में आवंटित भूमि के लीज नवीनीकरण में अत्यधिक राशि मांगे जाने तथा इसके नवीनीकरण में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। विजय बघेल ने इस्पात मंत्री से जल्द निदान का आग्रह किया। ज्ञानचंद जैन जी ने मांग पत्र सौंपकर अनावश्यक नोटिस से भी निजात दिलाने की मांग की। सांसद ने प्रभावित पक्षों के पक्ष को मजबूती से रखा और सेल की 340 वीं बैठक में उल्लेखित विषयों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। श्री बघेल ने शहर के व्यापारियों एवं अन्य संस्थाओं को भेजे जा रहे नोटिस के प्रति भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए डायरेक्टर इंचार्ज को नोटिसों से परहेज करने का निर्देश दिया। श्री बघेल ने कहा कि आपका कार्य लोहा उत्पादित करके राष्ट्र निर्माण का है आदरणीय मंत्री जी अधिकृत हैं उनको अपने कार्य करने दीजिए। शहर वासियों को अनावश्यक परेशानियों से निजात दिलाएं।

### एंसीलरी उद्योगों को 25 लाख तक का काम हो आरक्षित: दासगुप्ता

**भिलाई।** बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने इस्पात मंत्री से मिलकर चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और उद्योगों के समस्याओं के निदान की मांग की। मंत्री ने निदान का आश्वासन दिया है। एंसीलरी अध्यक्ष श्री दासगुप्ता ने बताया कि उद्योग मंत्री से स्थानीय एंसीलरी उद्योगों को टाइपोग्राफिकल मिस्टेक पर 1 वर्ष तक का बैन कर दिया जाता है, जिसे समाप्त करने और स्थानीय एंसीलरी उद्योगों को 25 लाख तक का काम आरक्षित करने की मांग की गई। बीएसपी के विस्तारीकरण में आने वाले नए प्रोजेक्ट में 35% आरक्षण स्थानीय एंसीलरी उद्योगों को देने व सेल के प्रोजेक्ट में भी एंसीलरी उद्योगों को भाग लेने का मौका देने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष शशि भूषण, रितेश रायका एवं प्रितपाल सिंह, कोर्डिनेटर अवी सहगल शामिल थे।



## विधायक रिकेश ने एम्स में भर्ती महिला को दी आर्थिक सहायता




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वैशाली नगर की महिला एम्स में भर्ती इलाज के लिए भर्ती है। महिला के पति ने विधायक रिकेश सेन से मदद मांगी। इलाज के लिए विधायक सेन ने 50 हजार रुंपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। रावणभाठा शंकर पारा सुपेला निवासी चंद्रमणि कोसले का ब्लड कैंसर की वजह से एम्स में उपचार किया जा रहा है। उनके परिवार और पति ने चंद्रमणि के उपचारार्थ आर्थिक सहायता की मांग वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से की थी।

सेन ने तत्काल मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत पत्र लिखा। नतीजतन राज्य शासन ने महिला के उपचार में सहयोग हेतु 50 हजार रूपये का सहायता चेक दिया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। कोसले ने विधायक की इस फौरी पहल के लिए उनका आभार माना।

■ कोसले ने विधायक की इस फौरी पहल के लिए उनका आभार माना

## विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में अनोखा प्रदर्शन

# भैंस बनाकर बजाई बीन, लिखा बदलागढ़ की बहरी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भिलाई के यूथ कांग्रेसियों ने बुधवार सुपेला चौक पर अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने थर्माकोल की एक सांकेतिक भैंस बनाई और उसके बाद उसके सामने बीन बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। सांकेतिक भैंस बनाकर उसमें लिखा “बदलागढ़ की बहरी सरकार”। इसके बाद सभी यूथ कांग्रेसियों ने सीटी बजाकर कहा कि राज्य सरकार की हालत भैंस के आगे बीन बाजे वाली कहवात जैसी हो गई है। इस अभियान में शामिल होकर सैकड़ों युवाओं ने अपना हस्ताक्षर किया था। उन्होंने कहा कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की बढ़ती लोकप्रियता और ख्याति से कुंठित होकर भाजपा की सरकार ने उन्हें बलौदाबाजार मामले में जबरिया फंसा कर जेल में डाल दी है। इससे भिलाई सहित प्रदेश भर के युवाओं में काफी आक्रोश है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीष तिवारी,आमिर सिद्दीक्की, आदित्य सिंह, जुल्फिकार सिद्दिक्की, अमित जैन, सीखा रॉय, इमाम खान,आकाश कनौजिया, फराज अहमद, बजरंगी लाल सिंह,नेतराम साहू, मोहम्मद सोएब, समर रंधावा, राम यादव, प्रिंस शेरगिल, सुधांशु तिवारी, संजीव यादव, संगम यादव, असफाक अंसारी, अर्जुन शर्मा, पलाश लिमेष, अफरोज खान, अभय सिंह, शुभम वर्मा, नितेश लाउतरे, अमन साव, अमरेश गिरी, आदि उपस्थित थे।

### आज सद्बुद्धि के लिए यज्ञ

एनएसयूआई द्वारा सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में बुधवार को सरकार की सद् बुद्धि के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 19 सितंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

मारिया की दास्तां

लाइव इवेंट

## पेड़ों की अंधाधुन कटाई की वजह से अतिवृष्टि के हालात, इसलिए पौधे जरूर लगाएं: अग्रवाल



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृहद् पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल ने छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण अतिवृष्टि एवं अनावृष्टि जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए एवं पर्यावरण को प्रदूषण से बचाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 'एक पेड़ मां के नाम' का लगाना चाहिए। पेड़ों के रोपण के साथ ही पेड़ों को बचाना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इस अवसर पर डॉ. सुषमा याहा कि पेड़ों की सुरक्षा हम सबका दायित्व है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य अपनी मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पौधारोपण किया जाना है। यह मातृभूमि के प्रति भी सम्मान को व्यक्त करता है। छात्रओं ने परिसर में गुलमोहर, बेल, आंवला, कचनार, करंज, नीम आदि के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। महाविद्यालय द्वारा पौधों की रक्षा हेतु ट्रीगार्ड की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती राठौर ने किया। इस अवसर पर ज्योति भरणे, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. मोनिया राकेश, विमल यादव, विजय चन्द्राकर, ओम ध्रुव आदि मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## रसायन विज्ञान पर कार्यशाला मशीन लर्निंग मॉडल पर चर्चा



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रमुख सैद्धांतिक और कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान वैज्ञानिकों में से एक आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर राहुल मैत्रा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश, रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. रामासामी मयिलमुरुगन, मुख्य अतिथि डॉ. राहुल मैत्रा और रसायन विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रोफेसर मैत्रा का स्वागत छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रतिबिंबित करने वाला स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में राजीव प्रकाश ने बताया कि कैसे कम्प्यूटेशनल विज्ञान अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में योगदान देता है। ऐसे सम्मेलनों के आयोजन से उन सभी छात्रों और शोधकर्ताओं को समान रूप से लाभ होता है, जो अपने शोध में ऐसे उन्नत क्षेत्रों को शामिल करना चाहते हैं।

**रिसर्चर्स और स्टूडेंट्स लर्निंग मॉडल्स पर करें फोकस:** प्रोफेसर मैत्रा ने मशीन लर्निंग मॉडल विकसित करने और भविष्य में क्वांटम कंप्यूटर का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए उन्हें शामिल करने पर अपने हालिया काम की चर्चा की। उन्होंने एमएससी और पीएचडी छात्रों से बातचीत की। उनकी शोध रुचियों पर चर्चा की। प्रोफेसर मैत्रा के बाद रसायन विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. रुकमणकेश और डॉ. हेमंत कुमार किसन ने कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान पर अपने काम पर दो वार्ताएं दीं। संयोजक रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर, डॉ. मोहम्मद महबूब आलम ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अगले बरस तू जल्दी आ...



शीतला तालाब में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

सोशल मीडिया में बड़ी क्रांति : इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स में अब आपकी जानकारी रहेगी पूरी तरह सुरक्षित

# रूंगटा आर-1 के स्टूडेंट्स ने तैयार किया ऐसा मैसेजिंग एप, जिससे नहीं हो पाएगी डाटा की चोरी, आधार से होगा वेरीफिकेशन

अक्सर मन में सवाल उठता है कि वॉट्सएप या किसी अन्य मैसेज एप से भेजे गए संदेश कहीं कोई देख तो नहीं रहा? क्या वॉट्सऐप हमारे भेजे गए मैसेज पढ़ रहा है? जवाब है, हां बिल्कुल..., मैनेजिंग एप पर भेजे गए सभी मैसेज को कंपनियां पढ़ सकती हैं। इस समस्या को सुलझाकर मैसेज प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक विशेष मैसेजिंग एप तैयार किया है। इसका नाम है, कैपस।




**भिलाई।** एप को इस तरह से तैयार किया गया है कि, इसमें संदेश भेजने और रिसीव करने वाले के अलावा कोई भी इन्हें नहीं पढ़ पाएगा। विशेष प्रोग्रामिंग से तैयार इस ऐप के मैसेज खुद इसे तैयार करने वाले भी नहीं देख पाएंगे। ऐप के लिए खास इनक्रिप्शन कोडिंग का इस्तेमाल हुआ है, जो इसे डाटा सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता बनाती है। नया रायपुर ट्रिपल आईटी संस्थान में हुए हैकाथॉन में देशभर से आई टीमों के बीच इस ऐप को तैयार करने वाली रूंगटा टीम को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही ट्रीपल आईटी ने ऐप को और बेहतर बनाने के लिए टेक्निकल सपोर्ट देने का वादा भी किया है। इस एप को तैयार करने वाले रूंगटा कॉलेज के छात्र प्रभात राजराय, अनुराग श्रीवास्तव, करण सिंह कलसी और शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि जिस तरह अभी वॉट्सएप या टेलीग्राम जैसे एप मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर्ड किए जाते हैं, वैसा इस नए एप में नहीं होगा, बल्कि इसमें पंजीयन करने भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र की जरूरत होगी। इसी पंजीयन होगा। पंजीयन करने के बाद सॉफ्टवेयर उपयोगकर्ता की पहचान को पुख्ता करने आधार और अन्य जगहों के डाटा से मिलान करेगा। पहचान पुख्ता होने के बाद ही पंजीयन पूरा होगा और मैसेजिंग ऐप का उपयोग कर पाएंगे। छात्रों ने बताया कि इस ऐप में उपयोग होने वाले डाटा को चोरी नहीं किया जा सकता और न ही एनक्रिप्टि मैसेज को तोड़कर पढ़ा जा सकता है।

### माइक्रो सेकंड होगी वेरीफिकेशन प्रोसेस

छात्रों ने बताया कि, ऐप का कोई भी फिजिकल सर्वर नहीं है। इसलिए डाटा की चोरी या हैकिंग नामुमकिन हो जाती है। यह एप पूरी तरह से ब्लॉक चेन सिस्टम पर काम करता है। ब्लॉक चेन करोड़ों सर्वर की तरह है, जिसमें यदि हैकर्स द्वारा किसी एक सर्वर पर अटैक किया गया तो पूरा डाटा क्लाउट में ही किसी अन्य सिस्टम पर पहुंच जाएगा। खुद कंपनी में इस डाटा को एक्सेस तो कर पाएगी, लेकिन डाटा में छेड़छाड़ कंपनी भी नहीं कर सकती, ऐसे में लोगों के उपयोग का डाटा किसी अन्य फर्म को बेचकर लोगों की प्राइवेसी का हनन नहीं होगा। इस ऐप को इस तरह से डिजाइन किया गया है, सॉफ्टवेयर एल्गोरिद्म संदेश को भेजने से पहले रिसीवर की आईडी की पहचान सुनिश्चित करेगा। गवर्नमेंट डेटा में यदि रिसीवर की आईडी वैलेड होगी, तभी उसके पास मैसेज पहुंचेगा। इस सभी प्रोसेस को करने में सॉफ्टवेयर कुछ माइक्रो सेकंड का समय लेगा।




### डेवलपमेंट में मिलेगा टेक सपोर्ट

इस एप को डेवलप करने के लिए छात्रों को ट्रिपल आईटी के साथ देश के कुछ नामी टेक कंपनियों का सहयोग भी मिलेगा। इसी तरह ऐप को सफलतापूर्वक तैयार कर लेने के बाद इसे प्ले स्टोर और ऐपल स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे। डाटा प्राइवेसी और चैट सिक्योरिटी के लिहाज से इस ऐप की शुरुआत बेहद कम सालाना शुल्क पर लॉन्च की जाएगी। छात्रों ने बताया कि अकसर, सैन्य बलों से लेकर नामी कंपनियां अपने संदेशों को विभिन्न माध्यम से शेयर करती हैं, ताकि लोग इन्हें नहीं देख पाए। इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। ऐसे में इस ऐप के जरिए मैसेजिंग को बिल्कुल सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल किया जा सकेगा।



"छात्रों के इस एप को आगे और बेहतर बनाने के लिए टेक्निकल और फाइनेंस सपोर्ट कॉलेज के जरिए दिया जाएगा। यह एप मैसेजिंग सर्विस सेक्टर में उभरने की क्षमता रखता है।
**- डॉ. सौरभ रुंगटा,**
डायरेक्टर, रूंगटा आर-1 ग्रुप

## समाज की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूंगा: विजय बघेल



**भिलाई।** श्री विश्वकर्मा समाज कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में परशुराम भवन के पीछे सेक्टर-2 में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद हम सबको मिल रहा है। समाज के कार्यों को प्राथमिकता किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने मांग पत्र पढ़ा। समाज के विभिन्न कार्यो की जानकारी दी। विशेष अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आप सबका हमेशा सहयोग मिलता है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि समाज के हित में हर संभव प्रयास करुंगा। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक निशीकांत शर्मा, सुशील शर्मा, सुजीत विश्वकर्मा, हरिराम शर्मा, अजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, बिहारीलाल शर्मा व एसके शर्मा, विमला शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### आदर्श साख समिति की वार्षिक आमसभा बैठक आज

**भिलाई।** कर्मचारी आदर्श साख सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा बैठक 19 सितंबर को सुबह 9 बजे से आयोजित है। बैठक परशुराम भवन सेक्टर-2 में शाम 6 बजे तक चलेगी। समिति के सहायक प्रबंधक ने बताया कि बैठक की सूचना सभी सदस्यों को डाक के माध्यम से भेजी गई है। इसके अलावा अन्य माध्यमों से भी सूचना प्रेषित की जा रही है, ताकि सभी सदस्य बैठक में शामिल हो सकें। संस्था के सभी सदस्य, संस्था की पासबुक और बीएसपी के गेटपास के साथ वार्षिक आमसभा बैठक में शामिल हो सकते हैं। बैठक में वार्षिक आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा समिति के हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर पुनः बैठक आहूत की जाएगी। ताकि बैठक का संचालन नियमतः किया जा सके। वार्षिक आमसभा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## 11 दिनों तक चले गणेशोत्सव का समापन, प्रतिमाएं विसर्जित



**दुर्ग।** गणपति बप्पा के 11 दिनों की पूजा अर्चना करने के बाद ट्विनसिटी के घरों से व पंडालो में विराजमान प्रतिमाओं की विदाई की गई। इसी के साथ ही गणेश चतुर्थी पर्व का समापन हुआ। शिवनाथ नदी तट पर हजारों भक्तों के साथ पूर्व विधायक अरुण वोरा भी पहुंचे। शहर की जनता हेतु गणपति बप्पा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। साथ ही इस उत्सव को प्यार व खुशहाली का प्रतीक बताया। दो दिनों के इस विसर्जन कार्यक्रम का सिलसिला दिन-रात चल रहा है। भक्त गणपति बप्पा के अगले बरस जल्दी आ की कामना कर रहे हैं। शिवनाथ तट पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद सुरेन्द सिंह राजपूत, सुमीत वोरा, संदीप वोरा, नंदू महोबिया, संजीव श्रीवास्तव, सुमीत गुप्ता उपस्थित थे।

आदित्यवाहिनी के तत्वावधान में लंगूरवीर मंदिर परिसर में हुई बैठक

# हिंदू राष्ट्र बनाने मंथन, शंकराचार्य निश्चलानंद ने साढ़े 3 साल पहले कहा था- भारत बनेगा हिंदू राष्ट्र

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आदित्यवाहिनी के तत्वावधान में सभी हिंदू संगठनों के प्रमुखों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में पुरी पीठाधिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती के हिन्दूराष्ट्र महाभियान को लेकर चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि शंकराचार्य के मुखारबिंद से सितंबर 2021 में एक वाक्य निकला था। उन्होंने कहा था कि भारत हिंदी राष्ट्र बनकर रहेगा। साढ़े 3 सालों में इसका असर दिखने लगेगा। इस बात को अब 6 महीने ही शेष हैं। इसे लेकर बैठक की शुरुआत में पूरजोर तरीके से कहा गया कि हम भारत भव्य बनाएंगे, हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि भारत साढ़े 3 साल में हिंदू राष्ट्र होगा। पश्चिम दिशा प्रमुख भोला तिवारी ने हिंदू राष्ट्र क्यों आवश्यक है और गौ, गंगा, मठ, मंदिर, शिक्षा, रक्षा, वाणिज्य, सेवा एवं हमारे जितने सनातन मान बिंदु हैं, उसमें जो विकृति या समस्या है। ऐसे सारी समस्याओं का हल केवल भारत हिंदू राष्ट्र होने से ही होगा।



### क्या वर्तमान भारत हिंदू राष्ट्र, इस पर भी परिचर्चा

बैठक में इस बात पर भी भी चर्चा की गई कि क्या वर्तमान में भारत हिंदू राष्ट्र माना जा सकता है, इस पर कहा गया कि देश में सुबह होते ही लाखों गौ माता कट जाती हैं। भारत शासन से मान्यता प्राप्त बूचड़खानें चल रहे हैं। बैठक में सनातन वर्ण व्यवस्था के उपयोग एवं वियोग के महत्व को बताया गया। वर्ण या जाति जन्म से होती है, न कि कर्म से। उदाहरण देकर बताया की सिंह (शेर ) के बच्चे को जन्म से सिंह कहेंगे कि कर्म से। जब शिकार करेगा तब शेर कहा जाएगा। गाय के बच्चे को जन्म से गाय कहेंगे कि कर्म से जब वह दूध देगी तब कहेंगे।

### प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रतिनिधि हुए शामिल

संगठन के जिला अध्यक्ष नारायण शर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के हिंदू प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य रूप से दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर, भाटापारा, धमधा, कवर्धा, खैरागढ़, बिलासपुर के प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रभारी सीमा तिवारी, महामंत्री विजय शर्मा, नवनीत तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष टीकाराम साहू, भोला तिवारी, मारुति शरण शर्मा, आशीष दुबे, कान्हा दुबे, प्रदीप साहू सहित अन्य मौजूद थे। उनके अलावा सनातन धर्म रक्षा वाहिनी प्रमुख देवेश मिश्रा, हिन्दू जनजागृति प्रमुख मंगेश खनगन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख निर्भय सिंह, गौरक्षा वाहिनी प्रमुख राम राघव यादव, सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुख अभिषेक अवस्थी, हिन्दू जागरण मंच प्रमुख प्रदीप सिन्हा मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## वैवाहिक संबंध विच्छेद सहित ज्वलंत मुद्दों पर रखे अपने विचार



**भिलाई।** राजपूत समाज उपसमिति दुर्ग उत्तर महिला मंडल द्वारा ग्राम ननकट्ठी में तीज मिलन एवं महिला युवती सम्मान का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद, नृत्य, गायन, रंगोली, मेहंदी, कुर्सी दौड़ और तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में उपसमिति दुर्ग उत्तर की तीज क्वीन नीलिमा राजपूत बनी। इस दौरान समिति की संरक्षक संध्या सेंगर, सुमन बघेल, माधुरी ठाकुर, अध्यक्ष मनीषा राजपूत, महिला मंडल की टीम से शीला राजपूत, ललिता राजपूत, ललिता सिंह राजपूत, नीलिमा राजपूत, केसर गौर, रानी भुवाल, महेंद्री राजपूत, नेहा राजपूत, दामिनी भुवाल, गायत्री राजपूत, इंद्राणी राजपूत, शशी राजपूत, निधि राजपूत, सविता राजपूत, महिला मंडल के अध्यक्ष वंदना राजपूत, मीना ठाकुर, छाया राजपूत, रमा क्षत्रि आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं व युवतियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी महेंद्री राजपूत ने बताया कि इस दौरान समाज के ज्वलंत मुद्दों जैसे वैवाहिक संबंधों का बहुत जल्दी विच्छेद होना, समाज के शादी योग्य युवक-युवतियों को आदर्श विवाह के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण व बेजुबान पशु पक्षियों की देखभाल, बड़े बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने जैसे विषयों पर विचार व्यक्त कर सुझाव दिए गए और उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त ज्योति राजपूत ने किया।

हर साल की तरह इस बार भी सिविक सेंटर चौक पर प्रतियोगिता का आयोजन

# 68 गणेश पंडालों ने झांकियों के साथ दी प्रस्तुति से. 2 की न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति विजेता

**भिलाई।** आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा हर बार की तरह इस बार में सेंट्रल एवेन्यू रोड स्थित सिविक सेंटर तिराहा पर गणेश पंडाल और समितियों के लिए झांकियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रतियोगिता में 68 से ज्यादा गणेश समितियों ने शिरकत की। सबसे बेहतर मूर्ति और झांकी का खिताब सेक्टर-2 स्थित न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति ने जीता। समिति को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। भिलाई में हुए आस्था के महासंगम में धर्म और संस्कृति की अनूठी तस्वीर नजर आई। बप्पा अपने भक्तों के बीच अलग अलग स्वरूपों में दर्शन दिए। भगवान गणेश राजा की तरह अपने भक्तों के बीच पहुंचे। कुछ जगहों पर भगवान कार, बैलगाड़ी, ट्रक-ट्रेलर से लेकर अन्य वाहनों में सवार होकर अपने धाम को लौटे। इस अवसर पर सिविक सेंटर तिराहे गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आतिशबाजी के बीच राउत नाचा, धुमाल, ढोल नंगाड़ा और पारंपरिक नाच-गाने के बीच गणेश समितियों ने अपनी झांकियों को प्रदर्शित किया। गणेश पंडाल समितियों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण किए लोगों ने बप्पा की अंतिम विदाई पर देर रात तक जमकर झूमकर अपनी श्रद्धा प्रकट की।




### आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच का यह 9वां साल रहा

आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के आयोजन का यह 9वां साल रहा। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने कहा कि भिलाई में सभी धर्मो के लोग निवास करते हैं। सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है, यह भिलाई की पहचान है। उन्होंने कहा कि वे प्रथम वर्ष से ही इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। हर वर्ष आयोजन बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर और अनूभूति भाकरे ठाकुर सहित तमाम सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एसपी जितेंद्र शुक्ला, सीहोर से पधारे सुमितेश्वर महाराज, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर ने आयोजन और भिलाई को धार्मिक एकता का पयार्य बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी इंद्रजीत सिंग छोटू, हरेंद्र यादव, पार्षद सुभद्रा सिंह, डॉ. सुशोवन रॉय, डॉ. राहुल सिंहरोल, डॉ.सोमा रॉय मौजूद थीं।

### आस्था-रथ की स्मारिका का हुआ विमोचन

आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के द्वारा धर्म और संस्कृति से संबंधित एक स्मारिका का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष ने कार्यक्रम के उद्देश्य, धर्म और संस्कृति की से जुड़ी जानकारी दी। दादाराव बोरोड़े, राजेश सांवले, सुरेंद्र ठाकुर, सन्नी पसीने, वेंकट राव, पूजा सिंह, नितिन श्रीवास्तव, प्रज्जवला, प्रीतम हरपाल सहित अन्य का योगदान रहा। आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 'भिलाई रत्न' सम्मान का आयोजन किया गया। इसके तहत चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. दीपक वर्मा, सेवा के क्षेत्र में राधेगोविंद बाजपेई, शिक्षा के क्षेत्र में राजम सुधाकरन, कला के क्षेत्र में महंत डॉ. लीलाधर साहू और सेवा के क्षेत्र में पवन कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सेवा कार्य के लिए भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू को सम्मानित किया गया। दिव्यांगजन को भोजन उपलब्ध करवाने वाली हीरा देवी और गौ सेवक देवाशीष घोष को स्व.बीरा सिंग सेवा और स्व. प्रकाश भाकरे सेवा योजना के तहत 11 हजार की राशि भेंट की गई।



### 68 समितियां हुईं पुरस्कृत

अतिथियों ने बढ़ाया हौसला
आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 68 झांकियां शामिल हुईं, जिन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर दो वर्गों में पुरस्कारों का वितरण किया गया। इसके तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश समिति 2024 का खिताब इस बार भी न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति सेक्टर 2 को मिला। इसी प्रकार बेस्ट पंडाल के लिए शिव मानस गणेश उत्सव समिति सेक्टर 10, बेस्ट झांकी के लिए नवयुवा मित्र मंडल खुर्सीपार, सतयुग गणेश उत्सव समिति सेक्टर 2, पुलिस लाइन गणेशोत्सव समिति सेक्टर 6, ओम गणेश उत्सव समिति सेक्टर 6, बेस्ट थीम के लिए युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल सेक्टर 7, छत्तीसगढ़ रिद्धि सिद्धी गणेशोत्सव समिति सेक्टर 10 सम्मानित किया गया। इनके अलावा कनिष्ठ वर्ग में 7 वर्गों में पुरस्कारों का वितरण किया गया। वही अन्य मंच से होकर गुजरने वाली समस्त सभी को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

**सिटी लाइव**

## मिलेट्स मील से बनाया ब्राउनी व खीर माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की दी जानकारी



**भिलाई।** विद्यार्थियों को नेशनल न्यूट्रिशन वीक के माध्यम से मिलेट्स एवं लो कार्बोहाइड्रेट में उपस्थित पोषक तत्वों के विषय में जागरूकता प्रदान करने और मिलेट फूड्स को दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से मिलेट्स मील प्रतियोगिता का आयोजन भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में किया गया था। इस प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थियों को मिलेट्स, लो कार्बोहाइड्रेट हार्ट के लिए, ब्लड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए, ब्लड शुगर को कम करने के लिए किस प्रकार से उपयोगी है, इसकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट, डीन डॉ. अजय कुमार सिंह, डीन डॉ. मनोज कुमार मौर्य, डीन डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, डॉ. मीना, डॉ. स्वेता एन., डॉ. संगीता, पूजा चैरसिया, स्वीटी तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता में बनाएं मिलेट्स फूड

इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मिलेट्स मील, जैसे- बीटरूट बाइट्स, ओट्स चिला, चिया सीड पुडिंग, रागी ब्राउनी , रागी इडली, कोदो की खीर, कोदो खिचड़ी और रागी उत्पम इत्यादि मील को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों से उनके मिलेट्स मील से संबंधित प्रश्न वहां उपस्थित निरीक्षकों के द्वारा पूछे गए। विद्यार्थियों ने मिलेट्स, लो कार्बोहाइड्रेट वाले अनाज एवं उनमें मिलने वाले पोषक तत्व, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स इत्यादि के बारे में बताया। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, प्रो. स्वाती पाण्डेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

**कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा में कार्यक्रम**

## जैम, मुरब्बा, कैंडी, टमाटर सॉस, स्नैक्स, अचार की पैकेजिंग और मार्केटिंग का दिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा द्वारा 6 दिवसीय मौसमी फलों एवं सब्जियों का प्रसंस्करण विषय पर व्यवसायिक प्रशिक्षण ग्राम पंचायत अंडा जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा निदेशक विस्तार शिक्षा एवं अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य और विशिष्ट अतिथि उमादेवी चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अंडा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ.संजय शाक्य ने महिलाओं को समूह बनाकर प्रसंस्करण के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होने की सलाह दी। साथ ही फल एवं सब्जियों के प्रसंस्कृत उत्पाद को दैनिक आहार में शामिल करने के लिए कहा जिससे महिलाओं एवं बच्चों को पोषण सुरक्षा मिले और सूक्ष्म तत्वों की कमी को दूर किया जा सके। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**उत्पादों के पैकेजिंग व मार्केटिंग की दी जानकारी:** विशिष्ट अतिथि उमा देवी चंद्राकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाने की बातें कही। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा में कार्यरत विषय विशेषज्ञ डॉ.निशा शर्मा ने फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण में जैम, जैली, मुरब्बा, कैंडी, टमाटर सॉस, स्नैक्स तथा विभिन्न प्रकार के अचार बनाने का प्रशिक्षण साथ ही पैकेजिंग, मार्केटिंग और भारतीय मानक प्राधिकरण एफ.एस.एस.ए.आई. की भी जानकारी दी।

**19 गांव के 52 महिला प्रशिक्षणार्थी हुए शामिल:** डॉ.रोशन लाल साहू ने उद्यानिकी फसलों की उन्नत तकनीक, डॉ.उमेश कुमार पटेल ने प्राकृतिक खेती तथा जीवामृत, घनजीवामृत बनाने की वैज्ञानिक विधि, डॉ.एस.के.थापक ने घरों में आयस्टर मशरूम उत्पादन करने की विधि तथा उनके औषधीय गुणों की जानकारी दी। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के ग्राम अंडा, करंजा भिलाई, नगपुरा, महमरा, चंदखुरी, कुथरेल, निकुंभ, पीसेगांव, मतवारी, रूदा, चिंगरी, अछोटी, आमटी सहित 19 गांव के 52 महिला प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए।

**जंगो लिंगो आदिवासी समाज**

## खेलकूद में जीता पुरस्कार, महिलाओं ने नृत्य गायन कर मनाया उत्सव



**भिलाई।** जंगो लिंगो आदिवासी महिला समिति गोड़ समाज भिलाई सेक्टर-7 द्वारा हरियाली उत्सव 2024 धूमधाम से मनाया। इस दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की खेल कूद प्रतियोगिताएं, नृत्य व गायन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य आतिथि आदिवासी मंडल भिलाई अध्यक्ष नमिता ठाकुर, मालती ठाकुर पार्षद, ममता मंडावी तथा साथ ही अध्यक्ष तामेश्वरी ठाकुर जंगो लिंगो आदिवासी महिला समिति भिलाई सेक्टर 7 तथा पदाधिकारी सवित्री शोरी, पद्मा ठाकुर, शारदा ललिता ध्रुव, संगीता, मीना उइके, चमेली द्वारा सभी विजेताओं को अतिथियों व्दारा पुरस्कृत किया गया। समस्त जंगो लिगों आदिवासी महिला समिति गोड समाज पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य आसन अरकर, गौरी, संगीता, संतोषी, प्यारी ठाकुर, प्रमिला नेताम, गुलापा मंडावी, जानकी, हेमलता नेताम, टेसू ध्रुव, पीला बाई, सीता, सेवता, पीला बाई, आशा नेताम, बसंती टेकाम, केसरी मंडावी, ममता उपस्थित रही। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रियंका ठाकुर ने किया। अतिथियों द्वारा हरियाली क्वीन का ताज संगीता शोरी एवं धान बाई पुष्पा ठाकुर, किरण मंडावीं को पहनाया गया। अभार व्यक्त पद्मा ठाकुर किया।

## युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। संगठन के रोहित सिंह द्वारा बीआईटी कॉलेज में शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ो की संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। साथ ही भाजपा में सदस्यता ली। इस अवसर पर शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, पूर्व डीएसपी सत्यनारायण सिंह, पार्षद अरुण सिंह, विनोद सिंह, संतोष मौर्य, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीत यादव, राहुल सिंह, राहुल परिहार सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**समाज इवेंट**

## धार्मिक पात्रों ने अभिनय से किया ध्यानाकर्षित सनातनी संस्कृति की दिखाई गई झलक

**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी महिला ब्राह्मण समाज द्वारा तीज मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज को नई दिशा देने सनातनी धर्म पर आधारित भक्ति संगीत व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्राह्मण समाज की इंदु दुबे, सर्वब्राह्मण समाज कि प्रिति बेहरा, सविता शर्मा, कल्पना जोशी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मीराबाई बनी अध्यक्ष सुमन पांडे के साथ गीतांजलि तिवारी ने सभी का स्वागत किया।



### धार्मिक किरदारों की दी मनोहारी प्रस्तुति

सनातन धर्म की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ी राजगीत अरपा पैरी के धान पर नृत्य कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रंगारंग कार्यक्रमों की कड़ी में लक्ष्मी नारायण के रुप में अपर्णा चौबे, मीना पांडे, राधा-कृष्ण आशा शुक्ला, संध्या तिवारी, शिव-पार्वती के रुप में मुस्कान दीवान व कविता मिश्रा, शकुंतला बनी तूलिका तिवारी ने मनोहारी प्रस्तुति दी। रुक्मणी बनी गरिमा शुक्ला, राम बने वंशनिल तिवारी, नृत्य नाटिका में शबरी का रोल शैली शुक्ला, विराज तिवारी, सुदाम चरित्र अनुनय तिवारी, छत्तीसगढ़ महतारी बनकर सुमन शर्मा ने शारदार प्रदर्शन किया। प्रणिता शुक्ला ने कृष्ण भजन में नृत्य किया तो वहीं उन्नति शर्मा, ज्योति शर्मा ने कविता की प्रस्तुति दी। आरती शुक्ला, तूलिका तिवारी, छत्तीसगढ़ी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। विभिन्न गेम्स में पूनम शर्मा, विद्या पांडेय, उन्नति शर्मा,मनीषा, छोटी रानी शर्मा, अविरल तिवारी, गोदावरी पांडेय विनर रही। इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य लता शर्मा, रत्ना शर्मा को तीज सम्मान से सम्मानित किया गया। सोलह श्रृंगार में सोनाली शर्मा विजेता रही। पुरस्कार वितरण उपाध्यक्ष अपर्णा तिवारी व शैल किरण शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन मीना पांडेय ने किया।

संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में सांसद सहित वरिष्ठ नेता हुए शामिल

**कार्नर न्यूज**

# 17 वीं अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आगाज, विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी करेंगे शिरकत

**भिलाई।** केरल समाजम, दुर्ग द्वारा आयोजित 17वीं अखिल भारतीय संगीत, नृत्य एवं छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ आज एसएनजी ऑडिटोरियम, सेक्टर-4, भिलाई में हुआ। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों की समृद्ध लोककला और संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। 18 से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।




### आयोजनों से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिलता है बढ़ावा

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने मुख्य अतिथि और कांग्रेस नेता नेता शिजू एंथोनी ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ और केरल की सांस्कृतिक धरोहरों के सामंजस्य की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है।



### 1978 में हुई थी केरला समाजम की स्थापना

समाजम के सदस्य वी.के. बाबू और वी.के. मोहम्मद ने सांसद विजय बघेल और अरुण वोरा का स्वागत किया। उन्होंने केरल समाजम द्वारा छत्तीसगढ़ के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में दिए गए योगदान की भी प्रशंसा की।केरल समाजम, दुर्ग, 1978 में स्थापित एक प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है, जिसने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करते हुए केरल की कला और संस्कृति को इस राज्य में प्रस्तुत किया है। समाजम का उद्देश्य सार्वभौमिक भाईचारे, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देना है। 2100 आजीवन सदस्यों के साथ, यह संस्था क्षेत्र की सबसे बड़ी सामाजिक संगठनों में से एक है। प्रतियोगिता 18 से 22 सितंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ से सोनी के 73 रन, जीती बड़ोदा की टीम



**रायपुर।** 29 वीं अखिल भारतीय जे पी अत्रे क्रिकेट टुर्नामेंट 10 सितंबर से 20 सितंबर तक मोहाली, पंचकुला तथा पटियाला में जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच 18 सितंबर बुधवार को पटियाला में बडौदा के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 242 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से संगीत सोनी ने 73 रन तथा तन्मय शर्मा ने 36 रनों का योगदान दिया। बडौदा.की ओर से जय अभाले तथा राजकुमार पटेल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बडौदा की टीम ने 41.3 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 243 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। बडौदा की ओर से पी कोहली ने नाबाद 74 रन तथा आर्य पगार ने 59 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से देव आदित्य सिंह, ऐश्वर्य तथा मनराज ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। बडौदा ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### शालेय खेलकूद : अंडर-19 लॉन टेनिस में मनस्वीय प्रथम



**रायपुर।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धाएं भिलाई में 10 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित की गई। जिसमें अंडर-19 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मनस्वीय सिंह ने सरगुजा ,बिलासपुर और दुर्ग जोन के प्रतियोगियों को हराकर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं शील्ड प्राप्त कर रायपुर जोन को गौरवान्वित किया। मनस्वीय सिंह पुलिस मुख्यालय में पदस्थ सहायक पुलिस महानिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं माता जबलपुर म.प्र. पुलिस अधीक्षक (अजाका) रेखा सिंह की पुत्री है। 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धा में मनस्वीय सिंह ने इसके अतिरिक्त अन्य दो गोल्ड एवं कुल तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किये है।

### केपीएस सरोना में सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग स्पर्धा




**रायपुर।** केपीएस सरोना में सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता-2024 संपन्न हुई। इसमें असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ लगभग 12 राज्यों से आए 1157 खिलाड़ियों के बीच 9 वर्ष से 19 वर्ष तक के अलग-अलग ग्रुप में बालिक-बालिकाओं का रेस का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया है, जो क्वाड व्हील बेस एवं इनलाइन व्हील बेस पर आधारित है। आपातकालीन आवश्यकता के लिए नर्सिंग टीम एवं एंबुलेंस की आवश्यक रूप से हर समय मैदान के पास उपस्थित रहते हैं। सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ चेयरमेन एम. एम. त्रिपाठी कृष्णा ग्रुप ऑफ स्कूल, जन अधिकार परिषद्, जौहर चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सन 1961, 1962, 1965 एवं 1971 की लड़ाई में शामिल भारतीय सेना के श्री जय नारायण सिंह सिसोदिया पूर्व सैन्य अधिकारी, कर्नल सुनील मिश्रा, श्रीमति आभा मिश्रा, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष मुरारी काबरा, संस्थापक सदस्य शशांक शुक्ल, डॉ. राकेश मिश्रा आदि उपस्थित थे। श्रीमती अर्चना मिश्रा प्राचार्या कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना, शुभम मिश्रा एडिशनल प्रिंसिपल केपीएस सरोना, छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. रेड्डी, सचिव किशोर भंडारी, कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मिश्रा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सीबीएसई द्वारा किशोर भंडारी जी को सीबीएसई ऑब्जर्जर नियुक्त किया गया है। आरएफएसआई रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की 22 सदस्यीय टेक्निकल टीम द्वारा इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है। सीबीएसई को जोनल टूर्नामेंट में पं.बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर पूर्व राज्यों को कुल 1157 खिलाड़ियों की प्रतिभागिता है। सीबीएसई के नियमानुसार कोई भी खिलाड़ी या तो क्वाड या इनलाइन में भाग ले सकता है। क्वाड और इनलाइन में कोई भी खिलाड़ी 2 से अधिक रेसों में भाग नहीं ले सकता है। इस प्रतियोगिता में रिंक रेस केपीएस सरोना स्कूल में 200 मीटर बेंड ट्रेक पर आयोजित की जा रही है एवं रोड रेस प्रतियोगिता आई पी क्लब सर्किट सेक्टर-21, नया रायपुर में संपन्न की जा रही है। टेक्निकल टीम के जो अधिकारी है इनके नाम ए फ्रेन्कलीन, अनिंद्या जोशी, शिमांत अवधिया, धीरज अवधिया, सौरव सचदेव, मोनू बागड़े, बिपिन मिश्रा, विकास सिंह, सुमन दास, अतुल जायसवाल, सुवदीप नंदी, सुशांत खेत्रपाल, अनुज शर्मा, मनीष सिंह, अजय साहू, श्रीमंता पाधी, अनुराग भंडरी है।

---

दिल से जुड़ी बीमारियों की बढ़ोतरी ने चिंता बढ़ाई डॉक्टरों की

# इन बीमारियों से पीड़ित हैं तो हो जाइए सावधान लगातार बढ़ रहा दिल की बीमारियों का खतरा

हृदय स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, यह शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो ऑक्सीजन युक्त रक्त को बाकी हिस्सों में पंप करता है जिससे कोशिकाएं स्वस्थ रहती हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी जैसे जोखिम कारकों के चलते इस सबसे महत्वपूर्ण अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में हार्ट डिजीज के मामलों में बढ़ोतरी आई है, ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हम सभी अपनी जीवनशैली में समय रहते स्वस्थ बदलाव करें। दुनियाभर में बढ़ते हृदय रोग के जोखिमों को लेकर लोगों को सचेत करने और इससे बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हृदय स्वास्थ्य के कई जोखिम कारक तो हैं ही, साथ ही कुछ बीमारियों के कारण भी समय के साथ आपमें इस रोग के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



### कोरोना संक्रमित रहे हैं तो हो जाइए सावधान

पिछले तीन साल से अधिक समय से वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी का जोखिम बना हुआ है, कुछ नए वैरिएंट्स के कारण बीते दिनों यूके-यूएस में फिर से संक्रमण का जोखिम बढ़ता देखा गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम ने बताया कि कोरोनावायरस के संक्रमण की स्थिति हृदय की सेहत को प्रभावित करने वाली पाई गई है। संक्रमितों में इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। कोरोना संक्रमितों में ब्लड क्लॉटिंग, हार्ट अटैक का खतरा भी अधिक रिपोर्ट किया जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जो लोग संक्रमण के शिकार रहे हैं उन्हें एहतियातन हृदय की जांच करा लेनी चाहिए।

### हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी

उच्च रक्तचाप आपकी धमनियों में लोच की कमी को कम करके उन्हें सख्त बना देती है, जिससे उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। इस स्थिति में हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह भी कम हो जाता है जिसे हृदय रोगों के प्रमुख कारक के तौर पर जाना जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की अनियंत्रित स्थिति हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट का भी खतरा बढ़ाने वाली मानी जाती है, जिससे बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक है।

### डायबिटीज के कारण जोखिम

मधुमेह की स्थिति जिसमें ग्लूकोज का स्तर काफी बढ़ जाता है, ये आपकी रक्त वाहिकाओं और इससे संबंधित नसों को नुकसान पहुंचा सकती है। समय के साथ, यह क्षति हृदय रोग का कारण बनने लगती है। मधुमेह से पीड़ित लोगों में, अन्य लोगों की तुलना में हार्ट डिजीज विकसित होने का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है, यही कारण है कि इससे बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल दोनों को कंट्रोल में रखने की सलाह दी जाती है।

### मोटापा बड़ा खतरा

अगर आपका वजन अधिक है तो यह शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है। मोटापे के कारण हृदय रोगों का भी खतरा काफी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने पाया कि वजन को कंट्रोल करके इस तरह के स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सकता है। मोटापा, कई और क्रोनिक बीमारियों के लिए जोखिम कारक है इसे कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक है।

---



## घुटनों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास

वैसे तो उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों और घुटनों का दर्द होने लगता है। लेकिन सर्दियों में घुटने और जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। इसका एक कारण शारीरिक तौर पर सक्रिय न होना है। इसके अलावा अधिक तैलीय खाद्य पदार्थों का सेवन भी सर्दी में घुटने की दर्द की शिकायत बढ़ा देता है। दर्द से राहत पाने के लिए मांसपेशियों में मजबूती लानी चाहिए। इसके लिए योगासन का अभ्यास असरदार है। योग करने से पैरों का रक्त संचार बेहतर होता है और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। रोजाना योग करें ताकि घुटने मजबूत हों और पैरों में होने वाले असंतुलन को कम किया जा सके। घुटनों और जोड़ो के दर्द से निजात पाने के लिए कुछ योगासन का नियमित अभ्यास पैर, टखने, जांघ और घुटनों को मजबूत बनाएगा।

### त्रिकोणासन

इस योगासन के अभ्यास से मांसपेशियों का दर्द कम होता है। त्रिकोणासन करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब पैरों के बीच करीब दो फीट की दूरी रखें और लंबी गहरी सांस लेते हुए शरीर को दाईं ओर झुकाएं। फिर बाएं हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं। अपनी नजरें भी बाएं हाथ की उंगलियों पर टिकाएं। कुछ देर इस मुद्रा में रहे और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब दूसरी ओर से ये प्रक्रिया अपनाएं।



### मलासन

मलासन का अभ्यास करने के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में ले आएं और धीरे से नीचे बैठें। सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। दोनों कोहनियों को जांघों के बीच 90 डिग्री के एंगल में ले जाएं और सामान्य तरीके से सांस लें। फिर सामान्य अवस्था में सीधे खड़े हो जाएं।

### पर्श्वोत्तनासन

इस योग को पिरामिड पोज कहा जाता है। पर्श्वोत्तनासन का अभ्यास करने के लिए दाहिने पैर को आगे बढ़ाकर 45 डिग्री एंगल बना ले। अब आगे की ओर झुकते हुए हाथो को नीचे जमीन पर सटा लें। घुटनों को मोड़े नहीं। इस अवस्था में कुछ देर रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।



---

## करेला खाते वक्त नहीं सिकोड़ेंगे नाक-मुंह बस सब्जी बनाने से पहले कर लें ये काम

करेला एक ऐसी सब्जी है जिससे सेहत को ढ़ेरो लाभ मिलते हैं। लेकिन करेले का नाम सुनते ही मुंह नाक सिकोड़ने लगते हैं। वजह करेले का कड़वापन। इस कड़वेपन के चलते कई लोग इससे लाभ नहीं उठा पाते हैं। करेला डायबिटीज, बीपी सहित कई बीमारियों का काट है। ये एक तरह का नेचुरल ब्लड प्यूरिफायर भी है। ऐसे में अगर आप इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहते हैं तो ये कुछ हैक्स अपना कर करेले से उसकी कड़वाहट निकाल सकती हैं।

### करेले में नमक मिलाकर छोड़ें

करेले का कड़वापन हटाने के लिए आप सबसे पहले करेले को काट कर एक साफ बर्तन में रख लें। अब करेले पर बहुत सारा नमक छिड़क दें और इसके पानी छोड़ने का इंतेजार करें। 15 से 20 मिनट के बाद करेले से निकलने वाले पानी को निकाल कर फेक दें। इससे इसका कड़वापन काफी हद तक दूर हो सकता है।



### चीनी वाले पानी से दूर करें कड़वापन

करेले का कड़वापन दूर करने के लिए शहद या चीनी वाले पानी में करेले को डिप कर के छोड़ दें। ऐसा करने से करेले का कड़वापन कम हो सकता है।

### दही में करेले को डिप करें

करेले से कड़वापन हटाने का एक और तरीका ये भी है कि आप पकाने से पहले इसे दही (बाजार जैसी दही कैसे जमाएं) में कुछ देर के लिए डिप करके रख दें। कुछ देर बाद करेले को निकालकर अच्छी तरह से पानी से साफ कर लें और फिर सब्जी बनाएं। ऐसा करने से भी करेले की कड़वाहट दूर हो जाएगी।

### करेले को सिरके में डाल कर छोड़ें

करेले से कड़वाहट दूर करने के लिए आप सिरके का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप करेले को टुकड़ों मे काट लें। अब एक बर्तन में चीनी और विनेगर का मिश्रण बनाकर करेले में डाल दें। करेले को 20 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। पकाने से पहले इसे पानी से साफ करे लें। इससे करेले की कड़वाहट काफी हद तक कम हो जाएगी।

---

## घर में एक साथ दो शंख रखने का प्रभाव जानिए



शंख का इस्तेमाल घर में किसी भी पूजा की शुरुआत में किया जाता है और इसकी ध्वनि से वातावरण में शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। इसे रखने के कुछ नियम हैं जिनका पालन जरूरी है। शंख का हिंदू धर्म में एक पूजनीय स्थान है और इसे भगवान विष्णु से जोड़ा जाता है, जिन्हें हिंदू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक माना जाता है। शंख को पवित्र माना जाता है और इसका उपयोग पूजा की शुरुआत और महत्वपूर्ण धार्मिक समारोहों के समापन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है।

ऐसा माना जाता है कि शंख बजाने से आपके आस-पास का वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में दैवीय आशीर्वाद बना रहता है। इसके धार्मिक महत्व के अलावा, शंख को मौलिक ध्वनि 'ओम' का प्रतीक भी माना जाता है, जो ब्रह्मांड की ध्वनि है।

शंख का आकार ब्रह्माण्ड का प्रतिनिधित्व करता है और ऐसा कहा जाता है कि यह ब्रह्मांड में ऊर्जा प्रवाह से जुड़ा है। इस प्रकार, शंख घर में रखी जाने वाली सिर्फ एक सजावटी वस्तु नहीं है बल्कि आध्यात्मिक और भौतिक समृद्धि का एक शक्तिशाली प्रतीक भी है। वास्तु में माना जाता है कि घर में एक जैसे दो शंख नहीं रखने चाहिए, इससे नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं।

अगर हम वास्तु की मानें तो पूजा के स्थान पर एक शंख रखना ही शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार, शंख को आदर्श रूप से प्रार्थना कक्ष या घर की पूर्वोत्तर दिशा में रखा जाना चाहिए। उत्तर-पूर्व दिशा, जिसे ईशान कोण के नाम से जाना जाता है। यह शंख या अन्य पूजन सामग्रियां रखने के लिए अत्यधिक शुभ मानी जाती है और यह दिशा दैवीय ऊर्जा से जुड़ी होती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिशा में शंख रखने से इसकी सकारात्मक तरंगें बढ़ती हैं और सौभाग्य आकर्षित होता है। वास्तु शास्त्र एक ही स्थान पर दो शंखों को एक साथ रखने की सलाह नहीं देता है। ऐसा माना जाता है कि शंख ऊर्जा का शक्तिशाली प्रतीक है और यदि एक साथ दो शंख रखे जाते हैं तो दोनों की ऊर्जाएं आपस में टकराने लगती हैं जिससे नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगते हैं।

---

कार्नर न्यूज

पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म के लिए कर लें जरूरी तैयारियां

## पितृपक्ष अवसर है अपने पुरखों को याद करने का जानिए श्राद्धपक्ष में क्या करें और क्या न करें

पितृपक्ष की शुरुआत हो चुकी है और इस अवधि में पूर्वजों का निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किया जाता है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों का श्राद्ध करने से जीवन में आने वाली बाधाएं परेशानियां दूर होती हैं और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

ज्योतिषाचार्य पं.विजयकांत भट्ट ने बताया कि पौराणिक ग्रंथों में वर्णित किया गया है कि देवपूजा से पहले जातक को अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए। पितरों के प्रसन्न होने पर देवता भी प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जीवित रहते हुए घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान और मृत्योपरांत श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। इसके पीछे यह मान्यता भी है कि यदि विधिनुसार पितरों का तर्पण न किया जाये तो उन्हें मुक्ति नहीं मिलती और उनकी आत्मा मृत्युलोक में भटकती रहती है। पितृपक्ष को मनाने का ज्योतिषीय कारण भी है। ज्योतिषशास्त्र में पितृ दोष काफी अहम माना जाता है। जब जातक सफलता के बिल्कुल नजदीक पंहुचकर भी सफलता से वंचित होता हो, संतान उत्पत्ति में परेशानियां आ रही हों, धन हानि हो रही हों तो ज्योतिष शास्त्र पितृदोष से पीड़ित होने की प्रबल संभावनाएं होती हैं। इसलिए पितृदोष से मुक्ति के लिए भी पितरों की शांति आवश्यक मानी जाती है।



### पितृपक्ष के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

यह माना जाता है कि इन 16 दिनों की अवधि के दौरान सभी पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंड दान किया जाता है। इन अनुष्ठानों को करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के पूर्वजों को उनके इष्ट लोकों को पार करने में मदद मिलती है। वहीं जो लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान नहीं करते हैं उन्हें पितृ ऋण और पितृदोष सहना पड़ता है। श्राद्धपक्ष के दौरान यदि आप अपने पितरों का श्राद्ध कर रहे हैं तो इन बातों के बारे में खास ध्यान रखना चाहिए।



शास्त्रों के अनुसार बड़े पुत्र और सबसे छोटे पुत्र को श्राद्ध करने का अधिकार है, इसके अलावा विशेष परिस्थिति में किसी भी पुत्र को श्राद्ध करने का अधिकार है। पितरों का श्राद्ध करने से पूर्व स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। कुश घास से बनी अंगूठी पहनें। इसका उपयोग पूर्वजों का आह्वान करने के लिए किया जाता है। पिंड दान के एक भाग के रूप में जौ के आटे, तिल और चावल से बने गोलाकार पिंड को भेंट करें।

शास्त्रसम्मत मान्यता यही है कि किसी सुयोग्य विद्वान ब्राह्मण द्वारा ही श्राद्ध कर्म (पिंड दान, तर्पण) करवाना चाहिये। श्राद्ध कर्म में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दिया ही जाता है साथ ही यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सकें तो बहुत पुण्य मिलता है। इसके साथ-साथ गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु-पक्षियों के लिए भी भोजन का एक अंश जरुर डालना चाहिए।

### श्राद्धपक्ष के दौरान न करें ये काम

शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष के दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। इस दौरान कोई वाहन या नया सामान न खरीदें। इसके अलावा, मांसाहारी भोजन का सेवन बिलकुल न करें। श्राद्ध कर्म के दौरान आप जनेऊ पहनते हैं तो पिंडदान के दौरान उसे बाएं की जगह दाएं कंधे पर रखें। श्राद्ध कर्मकांड करने वाले व्यक्ति को अपने नाखून नहीं काटने चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैमरून बनाएंगे जापान पर हुए परमाणु हमले पर फिल्म



मशहूर फिल्म निर्देशक जेम्स कैमरून जापान पर हुए परमाणु हमले पर आधारित एक फिल्म बनाने वाले हैं। खबर है कि उन्होंने इसके लिए 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' नाम की किताब के राइट्स भी खरीद लिए हैं। कहा जा रहा है कि जेम्स इस फिल्म को 'अवतार' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म के काम से समय मिलने के बाद बनाएंगे। 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' किताब को चार्ल्स पेलेग्रीनो ने लिखा है। खास बात ये है कि चार्ल्स पेलेग्रीनो ने निर्देशक जेम्स कैमरून की मशहूर फिल्म टाइटैनिक और अवतार के लिए उनके विज्ञान सलाहकार के तौर पर भी काम किया था। वैरायटी की रिपोर्ट के मुताबिक, कैमरुन साल 2015 में आई चार्ल्स की एक और किताब 'लास्ट ट्रेन फ्रॉम हिरोशिमा' को 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' के साथ मिलाकर फिल्म पर काम करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म एक ऐसे जापानी आदमी की सच्ची कहानी दिखाएगी, जो जापान पर हुए दोनों परमाणु हमले के दौरान बच गया था। मालूम हो कि अमेरिका ने 6 अगस्त, 1945 को हिरोशिमा में पहला एटम बम गिराया था और फिर 9 अगस्त को नागासाकी में दूसरा हमला किया था। फिल्म में जिस जापानी आदमी की कहानी दिखाई जाएगी वो हिरोशिमा में हुए हमले के बाद ट्रेन में बैठकर नागासाकी गया था, जहां फिर से परमाणु हमला हो गया था। जेम्स कैमरून द्वारा निर्देशित अवतार फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश 19 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग 2009 में आया था। इसके बाद 2022 में अवतारः वे ऑफ वॉटर नाम से दूसरा भाग रिलीज किया गया था।

### टॉलीवुड

## सुपरहिट मुकुथी अम्मान के सीक्वल में दिखेंगी नयनतारा, फिल्म का निर्देशन करेंगे सुंदर सी



सुपरहिट मुकुथी अम्मान के सीक्वल में दिखेंगी नयनतारा, फिल्म का निर्देशन करेंगे सुंदर सी नयनतारा को लेडी सुपरस्टार के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, नयनतारा अपनी सुपरहिट फिल्म मुकुथी अम्मान के सीक्वल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी करने वाले हैं। वहीं, इसके पहले भाग को आरजे बालाजी ने निर्देशित किया था। हाल ही में निर्माताओं ने मुकुथी अम्मान-2 के एक खास पोस्टर के साथ निर्देशक का स्वागत किया। इस फिल्म की टीम ने वादा किया कि दूसरा भाग पहले भाग से अलग होगा। मुकुथी अम्मन-2 के प्रोडक्शन हाउस में से एक वेल्स फिल्म इंटरनेशनल लिमिटेड ने निर्देशक सुंदर सी का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। साथ ही, कैप्शन में लिखा, ₹कमर्शियल एंटरटेनर्स के बादशाह, निर्देशक सुंदर सी का एमए-2 की दिव्य काल्पनिक दुनिया में स्वागत है।₹ निर्माताओं के अनुसार मूकुथी अम्मान 2 दिव्य फंतासी शैली की फिल्म है, जिसे बड़े बजट पर तैयार किए जाने की योजना है। इस फिल्म का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल, राउडी पिक्चर्स, अवनी सिनेमैक्स ने संयुक्त रूप से किया है। वहीं, आईवीवाई एंटरटेनमेंट और बी4यू मोशन पिक्चर्स ने इस फिल्म का सह-निर्माण किया है। आरजे बालाजी और नयनतारा की मूकुथी अम्मान धर्मगुरुओं और कई अंधविश्वासी प्रथाओं पर किया गया एक कटाक्ष था। इस फिल्म को लेकर एक बयान में कहा गया है, ₹यह 'मुकुथी अम्मान' भाग 1 के कथानक से अलग होगी, जिसमें कई शानदार नाटकीय क्षण होंगे।₹ फिल्म के कलाकारों और क्रू की घोषणा आने वाले हफ्तों में की जा सकती है। इसके अगले साल सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

### छॉलीवुड

## मल्टी स्टारर फिल्म 'गुईयां-2' का मुहूर्त, आएगी अगले साल



अगले साल एन. माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित निर्माता मोहित कुमार साहू कृत एवं छॉलीवुड के चर्चित कलाकार एवं निर्देशक अमलेश नागेश की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'गुईयां' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इस सफलता से उत्साहित निर्माता मोहित कुमार साहू कृत गुईयां-02 का निर्माण किया जा रहा है। जिसका मुहुर्त हाल ही में राजधानी रायपुर में किया गया। गुईयां-02 भी गुईयां की तरह ही तकनीकी रूप से सशक्त होगी। इसके गीत-संगीत पर विशेष ध्यान दिया गया है। निर्माता एक्शन डिजाईन मोहित कुमार साहू ने बताया कि मुहुर्त के बाद फिल्म निर्माण अप्रैल से पहले पूरा कर आगामी वर्ष 03 मई 2025 को रिलीज किया जाना प्रस्तावित है। फिल्म की विशेषताओं में इस फिल्म में छॉलीवुड के मल्टी स्टार कलाकारों की उपस्थिति है। जिनमें दिलेश साहू, प्रकाश अवस्थी और अमलेश नागेश की मुख्य भूमिकाएं हैं।

## मारिया की दास्तां




मशहूर गायिका मारिया कैरे ने अपने करियर में दौलत खूब कमाई लेकिन अब खबर आ रही है कि वो आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उन पर भारी कर्ज चढ़ा हुआ है। मारिया अपने पेंटहाउस के कारण गहरे संकट से जूझ रही हैं। मारिया के बारे में कहा जाता है कि वो काफी खर्च करने वाली इंसान हैं और खरीददारी में काफी पैसा उड़ाती है।

## चाहिए निखरती त्वचा तो ऐसे करें आइस वाटर फेशियल



कई बार जब हम बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखते हैं तो उनकी दमकती त्वचा को देखकर सोचते हैं कि काश ऐसी ग्लोइंग स्किन हमारी भी होती। बहुत सी अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो रील लाइफ में तो खूबसूरत दिखती ही हैं, इसके साथ ही वो असल जिंदगी में भी कमाल की लगती हैं। उनकी निखरती त्वचा लोगों को उनका दीवाना बनाती है। इन्हीं अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम शामिल है। आलिया भट्ट अपने क्यूट फेस के साथ-साथ अपनी ग्लोइंग त्वचा की वजह से काफी फेमस हैं। उन्होंने कई इंटरव्यू में बताया है कि वो महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की बजाए घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करती है। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वो आइस फेशियल करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने आइस फेशियल को घर पर करने का सही तरीका बताया है। अगर आपको भी आलिया भट्ट के जैसी त्वचा चाहिए तो आप घर पर आइस वाटर फेशियल कर सकती हैं। आज के लेख में हम आपको इसी खास तरह के फेशियल के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सबसे पहले जानें क्या है आइस फेशियलः** घर पर आइस फेशियल करना बेहद आसान है। इसके लिए आपको बर्फीले पानी में अपना चेहरा 5 सेकेंड के लिए डुबो कर रखना है। इसमें समय की पाबंदी नहीं है। आप अपनी क्षमता के हिसाब से भी चेहरे को पानी में डुबो सकती हैं। चेहरे को पानी में डुबोते वक्त ये भी ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा देर तक चेहरा डुबाकर रखेंगे तो इससे स्किन पर जलन पड़ सकती है।

**कब कर सकते हैं आइस फेशियलः** अगर आप हैवी मेकअप करने का सोच रही हैं तो उससे पहले ये फेशियल ज्यादा असरदार रहता है। इसे करने के त्वचा के पोर्स छोटे हो जाते हैं, जिस वजह से मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है। आइस फेशियल लेने का सोच रही हैं तो चेहरे को अच्छे से साफ जरूर कर लें।

## शॉर्ट कुर्ती को स्टाइलिश बनाएंगे ये स्लीव्स डिजाइंस, यहां देखें ट्रेंडी लुक




स्लीव्स कुर्ती को स्टाइलिश बनाने का काम करती है। इसलिए इसके डिजाइन पर भी बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। अगर आप भी नए डिजाइंस की तलाश में हैं, तो यह लेख मददगार साबित हो सकता है।

जब भी कंफर्टेबल कपड़े की बात होती है, तो कुर्ती को जरूर शामिल किया जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है जिसे हर मौसम में आसानी से वियर किया जाता है। इसलिए हमारे वार्डरोब में कुर्तियों की भरमार होती है, लेकिन इसके बाद भी हमारे नए कपड़े बनाने की ख्वाहिश कम नहीं होती। इसलिए हमेशा कुर्ती के नए-नए डिजाइन तलाशते रहते हैं।



कई लोग ऐसे भी हैं जो फैब्रिक से कुर्ती डिजाइन करवाते हैं। हालांकि, कुर्ती के डिजाइन सेलेक्ट करना आसान है, लेकिन स्लीव्स के डिजाइन कुछ खास समझ में नहीं आते। इसलिए हम आपके लिए कुछ ऐसे स्लीव्स के डिजाइन लेकर आए हैं, जिनकी मदद से कुर्ती को स्टाइलिश बनाया जा सकता है।

### फुल स्लीव्स

यह डिजाइन में सबसे क्लासिक स्टाइल में से एक है। यह आस्तीन कंधे से शुरू होकर कलाई तक पूरी तरह ढकी होती है। इससे कुर्ती को बहुत ही सुंदर लुक मिलता है। फुल स्लीव्स की शॉर्ट कुर्तियां हर मौसम में वियर की जा सकती हैं। अगर आप के लिए ऑफिस वियर ऑप्शन तलाश रहे हैं, तो यह डिजाइन सेलेक्ट किया जा सकता है।

इस डिजाइन की खासियत यह है कि यह न केवल पारंपरिक अवसरों के लिए, बल्कि ऑफिस वियर, कैजुअल वियर और पार्टी वियर के रूप में भी पहनी जा सकती है। फुल स्लीव्स को अलग-अलग फैब्रिक जैसे- सिल्क, कॉटन, जॉर्जेट और शिफॉन के साथ भी बनाया जा सकता है।

### थ्री-क्वार्टर स्लीव्स

थ्री-क्वार्टर स्लीव्स एक ऐसी आस्तीन होती है, जो कंधे से शुरू होकर कोहनी से थोड़ी नीचे तक आती है। यह डिजाइन बहुत ही स्टाइलिश होता है। थ्री-क्वार्टर स्लीव्स वाली कुर्तियां गर्मियों और मानसून के मौसम के लिए बहुत अच्छी मानी जाती हैं, क्योंकि यह न तो बहुत लंबी होती हैं और न ही बहुत छोटी।

## ऑयली स्किन के लिए हरी मूंग दाल का करें इस्तेमाल



जब बात स्किन केयर की होती है तो ऐसे में हर कोई बेस्ट ही चाहता है। इसके लिए हम मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन स्किन की केयर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि हम नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें। इन्हीं में से एक है हरी मूंग दाल। हरी मूंग दाल एक एक्सफोलिएंट के रूप में काम करती हैं, जिसके कारण आपकी स्किन गहराई से क्लीन होती है। इतना ही नहीं, इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी स्किन का ख्याल रखते हैं। हरी मूंग दाल आपके स्किन पोर्स को क्लॉग होने से रोकता है। साथ ही, इसमें नेचुरल ब्लीचिंग गुण आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप हरी मूंग दाल को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मूंग दाल और टमाटर के रस का इस्तेमालः** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप मूंग दाल के साथ टमाटर के रस को मिक्स करके अप्लाई कर सकती हैं। मास्क बनाने के लिए आप सबसे पहले हरी मूंग दाल को लगभग 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। अब अतिरिक्त पानी निकालकर इसे पीसकर पेस्ट बना लें।

अब इसमें टमाटर का रस और दही डालकर मिक्स करें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट (जंवा त्वचा के लिए फेस पैक) करने के साथ-साथ उसे ग्लोइंग भी बनाता है। इन्हें अच्छी तरह मिक्स करने के बाद अपने चेहरे को क्लीन करें। तैयार पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और करीबन 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से चेहरा साफ करें और फिर स्किन को मॉइश्चराइज करें।

## इंस्टेंट ग्लो के लिए अपनाएं नेचुरल तरीके

चेहरे की खूबसूरती हर महिला के लिए उतनी ही अहम होती है जितना आने वाला दिवाली का त्योहार। इस दिन हर को सबसे अलग और खूबसूरत दिखना पसंद करती है। कई सारी महिलाएं तो ऐसी होती हैं तो इस दिन के लिए महीने भर पहले से ही स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर देते हैं। अगर आपको भी चाहिए नेचुरल ग्लो तो इसके लिए आप इन घरेलू तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।

### बेसन और रोज वाटर का करें इस्तेमाल

कई सारे ऐसे घरेलू नुस्खे होते हैं जिनका इस्तेमाल हम नेचुरल ग्लो के लिए करते हैं। इनमें से आप बेसन और रोज वाटर को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं। ऐसी इसलिए क्योंकि बेसन में एक्सफोलिएटिंग एजेंट मौजूद होते हैं जो डेड स्किन को हटाते हैं। इसके अलावा स्किन को इवन करता है। वहीं रोज वाटर स्किन को हाइड्रेट करता है।

### बेसन और रोज वाटर का पैक बनाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें। अब इसमें 1 चम्मत रोज वाटर एड करें।



फिर इन दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर अप्लाई करें। फिर 15-20 मिनट के लिए ड्राई (स्किन मॉइश्चराइजर) होने के लिए छोड़ दें। अब चेहरे को पानी से साफ कर लें। इससे आपकी स्किन नेचुरल ग्लो करने लगेगी। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में एक बार कर सकती हैं।

### खीरे के फेस मास्क का करें इस्तेमाल

खीरा स्किन के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसके इस्तेमाल से स्किन हाइड्रेट रहती है और नेचुरल ग्लो करती है। आप भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें मिनरल्स और विटामिन्स पाए जाते हैं जो स्किन को हेल्दी रखते हैं।

### कार्नर न्यूज

### कई रोगों और मानसिक तनाव से बचाने में भी मिलती है मदद

## रूप ही नहीं सेहत को भी निखारे चांदी के जेवर, मिलेगी लोगों की भरपूर तारीफ

*चांदी को पवित्र धातु माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चांदी की ज्वेलरी पहनने से मानसिक शांति मिलती है और शरीर हेल्दी रहता है। ये भावनाओं को कंट्रोल करने के साथ धैर्य लाने में भी मदद करती हैं। इतना ही नहीं, इससे इम्यून सिस्टम में भी मजबूत आती है। यह हमारे शरीर के लिए कैसे फायदेमंद हो सकती हैं? इसकी जानकारी सर्टिफाइड योग इंस्ट्रक्टर ग्रीशा ने शेयर की है।*



### त्वचा होती है सुंदर

चांदी में एंटी-एजिंग गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करते हैं। साथ ही, चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह पर हानिकारक बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोकने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा को शांत करके सूजन और रेडनेस को कम करती है।

### कोल्ड और फ्लू से बचाव

चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया और वायरस से छुटकारा दिलाते हैं। इसलिए महिलाएं खुद को कोल्ड, फ्लू या हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया जैसे इंफेक्शन से बचाने के लिए इसे पहन सकती हैं।

### हीलिंग को देती है बढ़ावा

सदियों से चांदी का इस्तेमाल घावों को भरने के लिएनेचुरल ट्रीटमेंट के रूप में किया जा रहा है। चांदी की ज्वेलरी पहनने से घाव तेजी भरते हैं और दाग-धब्बे कम होते हैं।

### दर्द से राहत

दर्द से राहत पाने के लिए चांदी का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में किया जाता है। इस धातु में शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। चांदी की ज्वेलरी पहनने से जोड़ों में दर्द और अकड़न कम होती है।

